सुविचार
चोरी, निंदा और झूठ, ये तीन बातें चरित्र को नष्ट करती हैं

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, रविवार 08 जून 2025 | वर्ष-31 अंक - 297 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए 

## ब्रीफ न्यूज

### गोल्डी बराड़ के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के गुरुग्राम में दो क्लबों पर बम हमलों से संबंधित 2024 के मामले में नामित व्यक्तिगत आतंकवादी गोल्डी बराड़ सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी है। एनआईए ने कनाडा निवासी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार, सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका निवासी रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए(पी) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। गोल्डी बराड़ और रणदीप मलिक को छोड़कर बाकी सभी को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी ने आरोपियों को गुरुग्राम के सेक्टर-29 में वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को बम से निशाना बनाने की साजिश में शामिल पाया था, जो कि बब्बर खालिस्तानी इंटरनेशनल (बीकेआई ) की बड़ी साजिश का हिस्सा था, ताकि हिंसा फैलाकर हरियाणा और पड़ोसी क्षेत्रों में सांप्रदायिक विद्वेष फैलाया जा सके और शांति भंग की जा सके।

### हाईवे पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग जनपद के बडासू क्षेत्र में केदारनाथ के लिए जा रहा एक हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के चलते अचानक सड़क पर लैंड हुआ। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ धाम की ओर जा रहा था, लेकिन रास्ते में आपात स्थिति के कारण पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को बडासू के पास सुरक्षित सड़क पर उतारा। स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। क्रिस्टल एविएशन कंपनी का हेली बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर ने बड़ासु हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी और टेकऑफ होते ही इमरजेंसी लैंडिंग सड़क पर करनी पड़ी। हेलिकॉप्टर में पांच यात्री, पायलट और सह पायलट सवार थे। सह पायलट को हल्की चोट की सूचना है।

### केएससीए के सचिव-कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। शंकर और जयराम ने संयुक्त बयान में कहा कि पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।

### पायलट ने शिंदे का प्लेन उड़ाने से मना किया

**जलगांव।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे जलगांव के मुक्ताईनगर में संत मुक्ताई की पालकी यात्रा में शामिल होने गए थे। यहां से लौटते वक्त जलगांव एयरपोर्ट पर पायलट ने उनका चार्टर्ड प्लेन उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कहा कि उसकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में वह उड़ान नहीं भर सकता है। पायलट की बात सुनकर वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने पायलट को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। शिंदे के साथ मंत्री गिरीश महाजन और गुलाबराव पाटिल ने एयरलाइन कंपनी से बात की और पायलट को स्थिति समझाई। करीब एक घंटे बाद एयरलाइन कंपनी के समझाने पर पायलट उड़ान भरने के लिए तैयार हुआ।

### अस्पताल में नवजात को कुत्ते खा गए

**महू।** महू के मध्य भारत अस्पताल के शौचालय में एक नवजात का क्षत-विक्षत शव मिला है। शरीर का आधा हिस्सा कुत्ते खा गए। मरीजों के परिजन सुबह शौचालय में पहुंचे, तब उन्हें शव दिखा। कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे की है। एक युवती ने अस्पताल के शौचालय में बच्ची को जन्म दिया और उसे वहीं छोड़कर चली गई।

## नक्सलियों को मौत की नींद सुलने वाले बहादुर सिपाही से मिलने को उत्सकू हूं: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। शाह ने कहा कि वह सफल अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जवानों से मिलने जल्द ही छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह ने कहा कि हाल ही में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। मैं उन जाबांज जवानों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं जिन्होंने अपनी बहादुरी से इन अभियानों को सफल बनाया और जल्द ही छत्तीसगढ़ जाकर उनसे मिलूंगा।

दरअसल 6 जून को, मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नक्सलवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से सफल अभियानों, आगे के रास्ते और राज्य के विकास पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पहुंचे। अपने दौरे के दौरान, सीएम साय ने गृह मंत्री शाह और अभियानों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी मुलाकात की। एक महीने से भी कम समय में, दो नक्सल विरोधी अभियानों ने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। 5 जून को, अधिकारियों ने पुष्टि की कि एक शीर्ष नक्सल नेता सुधाकर (उर्फ गौतम) का शव मिला है। 21 मई को, तीन सप्ताह से भी कम समय पहले, बसव राजू का शव बरामद किया गया था। राजू केंद्रीय समिति पोलित ब्यूरो के सदस्य और सीपीआई (माओवादी) के महासचिव थे, जिन्हें व्यापक रूप से नक्सल आंदोलन की रीढ़ के रूप में जाना जाता है।

## अगले हफ्ते फ्रांस के दौरे पर जा रहे जयशंकर



**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर फ्रांस के दौरे पर जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में फ्रांस, भारत के साथ खड़ा होकर आतंकवाद के खिलाफ अभियान में मदद कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में राफेल विमानों ने आंतकियों के ठिकानों को बर्बाद करने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत, पश्चिमी देशों में अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है। साथ ही, पाकिस्तान की ओर से यूएनएससी में उठाने वाले मुद्दों को रोकने के लिए फ्रांस पर भी निर्भर है। वहीं फ्रांस दशकों से आतंकवाद के खिलाफ भारत का साथ दे रहा है। अब दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग में भी सहयोग बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्री जयशंकर अगले हफ्ते फ्रांस की यात्रा पर जा रहे है। फ्रांस भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। फ्रांस, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करता है। अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर, फ्रांस के अधिकारियों से मिलने वाले है।

पहलगाम हमले से कुछ दिन पहले ही भारत में फ्रांस के दूतावास ने पोस्ट लिखकर यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग उठाई थी। फ्रांस ने कहा था, आज से फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक अध्यक्षता संभाली है। इसका मतलब है कि फ्रांस अब वैश्विक शांति और सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर बातचीत का नेतृत्व करेगा। आज की दुनिया को देखते हुए यूएनएससी में बदलाव जरूरी है। भारत को भी सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलनी चाहिए। अपने दौरे के दौरान जयशंकर मार्सिले में भारत-फ्रांस ट्रैक 1.5 संवाद को भी संबोधित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के साथ मिलकर किया जा रहा है।

# सीहोर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ किया 113 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, सीएम ने कहा

## प्रदेश में बंद नहीं होगी कोई योजना





**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को सीहोर पहुंचे। इस दौरान सीहोर के शासकीय पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 113 करोड़ 45 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मप्र में बहुत अच्छा काम हुआ है। आपके पीछे-पीछे हम भी हैं,2003 के बाद मप्र और 2014 के बाद देश एक जैसी दिशा में चल रही है। मप्र को बनाने में हमारे मुख्यमंत्रियों ने बहुत मेहनत की है। सीएम मोहन ने कहा कि बहनों के सुहाग पर हाथ डालने वालों का क्या हश्र होता है, मोदीजी ने बता दिया। शिवराज सिंहजी के नेतृत्व में कृषि मंत्रालय बहुत अच्छा काम कर रहा है। सीएम मोहन ने कहा कि प्रदेश में कोई भी योजना बंद नहीं होगी। धीरे-धीरे कर हम लाड़ली बहनों को तीन हजार देंगे। मुख्यमंत्री ने सीहोर नगर पालिका को 50 करोड़ देने का एलान किया। उन्होंने कहा कि सीहोर में जहां-जहां पानी की जरूरत है वहां-वहां पानी दिया जाएगा।

सीएम मोहन ने कहा कि पाकिस्तान के लोग आज हाय रे मोदी, हाय रे मोदी कर रहे हैं। भारत की ओर किसी ने आंख दिखाई तो मोदीजी के नेतृत्व में तीन-तीन बार घर में घुसकर मारा है। सीएम मोहन ने श्यामपुर में कॉलेज, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गीता भवन भी बनेगा। मुझे मांगों की सूची दी गई है, सभी मांगें पूरी होंगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए जितने भी आवेदन आएंगे सभी को तत्काल स्वीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिक गांव में जाएंगे और किसानों से संपर्क कर उन्हें महत्वपूर्ण सलाह देंगे।

### मुझसे अच्छा काम कर रहे मोहन

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मैंने तय किया है कि जिस पद पर रहूं आपके मान-सम्मान में कमी नहीं आने दूंगा। हमारे कॉन्सेप्ट क्लियर हैं, मोहन जी के नेतृत्व में प्रदेश में काम हो रहा है। शिवराज ने कहा कि मुझसे कई गुना बेहतर काम मोहन जी कर रहे हैं। इधर-उधर कोई कयास मत लगाना, मोहनजी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, हम उनके नेतृत्व में खड़े हुए हैं।

### पदयात्रा को लेकर जबरन की खबरें बनीं

पदयात्रा को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इसे लेकर जबरन खबरें बनी। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि बुधनी क्षेत्र में पदयात्रा विकसित भारत के लिए पदयात्रा है। उन्होंने कहा कि बुधनी और संसदीय क्षेत्र को मॉडल बनाऊंगा। यह पद यात्रा विकसित भारत के संकल्प के लिए है। पार्टी जो काम कहती है, उसे ध्येय मानकर करता हूं। पार्टी से हटकर मेरी कोई लाइन नहीं है।


### अकेला कलेक्टर विकास नहीं कर सकता

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि देश-प्रदेश का विकास जनता को साथ लिए बगैर नहीं हो सकता। अकेला कलेक्टर विकास नहीं कर सकता बिना गांव के विकास के देश का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 7 लाख 85 हजार 356 पीएम आवास बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति दी है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर सर्वे का काम चल रहा है। जो सूची आएगी वो स्वीकृत होगी। मनरेगा के लिए केंद्र ने 6263 करोड़ का लेबर बजट तय किया है।

### कई योजनाओं का लोकार्पण

दोनों नेताओं ने कई योजनाओं का लोकार्पण किया। अमृत 2.0 के तहत 21 करोड़ का सीवरेज प्रोजेक्ट और 3.50 करोड़ के मल्टीपरपज स्विमिंग पूल और जिम का निर्माण होगा। भोपाल नाके से कोतवाली चौराहे तक सीसी रोड बनेगी। उत्कृष्ट स्कूल से लुनिया चौराहे तक स्ट्रीट लाइट और डिवाइडर लगेंगे। रेशम केंद्र के पास 4.41 करोड़ की लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा। इंग्लिश पुरा में 7.83 करोड़ रुपए से नाला निर्माण कार्य किया जाएगा। कोतवाली चौराहे से तहसील चौराहे तक और मछली पूल से शुगर फैक्ट्री चौराहे तक बीटी सड़क बनेगी। जिले के 83 नए पंचायत भवनों के लिए 31.12 करोड़ रुपए, 25 पंचायतों में सामुदायिक भवन के लिए 6.23 करोड़ रुपए और विभिन्न गांवों में स्कूल भवनों के निर्माण के लिए राशि आवंटित की गई है। इछावर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जल प्रबंधन कार्य भी शामिल हैं।

## नेशनल पार्क इलाके में लगातार तीसरे दिन भी मुठभेड़, सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, दो और नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ तीसरे दिन भी जारी रही। शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो और नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया। घटनास्थल से ऑटोमैटिक हथियार और भारी मात्रा में गोलाबारूद भी बरामद किया गया है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले शुक्रवार, 6 जून को सुरक्षाबलों ने तेलंगाना राज्य समिति के शीर्ष नक्सली नेता भास्कर उर्फ मइलारापु अडेल्लू को मुठभेड़ में मार गिराया था। भास्कर सीपीआई (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति के मंचेरियल-कोमरम भीम (स्व्यक्क) डिवीजन का सचिव था। उस पर 45 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के उरूमादला गांव का निवासी था और पार्टी की स्पेशल जोनल कमेटी (स्र्ष्ट) का भी सदस्य था। इसी अभियान के तहत 5 जून को केंद्रीय समिति के सदस्य और शीर्ष नक्सली नेता गौतम उर्फ सुधाकर को भी ढेर किया गया था। उसके पास से भी एक,त्र-47 राइफल और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। सुधाकर पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। अब तक इस अभियान में सुरक्षाबलों ने कुल चार नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, जिनमें दो शीर्ष स्तर के कमांडर शामिल हैं। ऑपरेशन में मिली इन सफलताओं से सुरक्षाबलों का मनोबल उच्च हुआ है, वहीं नक्सल संगठन को गंभीर रणनीतिक झटका लगा है।

## भारत में कोविड मामलों में फिर उछाल, एक्टिव केस 5 हजार के पार, केरल सबसे प्रभावित राज्य

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में एक बार फिर तेज़ बढ़ोतरी देखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में सक्रिय कोविड मामलों की संख्या बढ़कर 5,364 हो गई है, जो पिछले दिन की तुलना में लगभग 500 अधिक है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में चार नई मौतों की भी पुष्टि की गई है। केरल एक बार फिर सबसे अधिक प्रभावित राज्य बनकर सामने आया है, जहां वर्तमान में 1,679 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596 और दिल्ली में 592 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटों में केरल में दो मौतें दर्ज की गईं, जबकि कर्नाटक और पंजाब में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु कोविड के चलते हुई है।

कोविड मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दिशा निर्देश जारी किए हैं कि वे ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिकतर मामलों में लक्षण हल्के होते हैं और मरीजों को घर पर ही इलाज दिया जा रहा है। हालांकि संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए केंद्र सरकार मॉक ड्रिल के जरिए अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा कर रही है।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में 2 और 3 जून को तकनीकी समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी, जिनमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) और दिल्ली स्थित केंद्र सरकार के अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इन बैठकों में मौजूदा स्थिति की गंभीरता और तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि देशभर में आईएलआई (इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) के मामलों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## यूक्रेन में रूस ने फिर मचाई तबाही, ड्रोन और मिसाइलों से किया धुआं-धुआं

**कीव।** यूक्रेन के भयानक ड्रोन हमले के बाद रूस की जवाबी कार्रवाई लगातार जारी है। रूस ने शनिवार को यूक्रेन के पूर्वी शहर खारकीव पर एक भीषण ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। यूक्रेनी स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। यह हमला रूस की ओर से यूक्रेन पर हो रहे लगातार और व्यापक हमलों की कड़ी में एक और खतरनाक कदम है। खारकीव के मेयर इगोर टेरेखोव ने बताया कि हमले में 18 बहुमंजिला इमारतें और 13 निजी मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रूस ने इस हमले में 48 शहीद ड्रोन, 2 मिसाइलें और 4 एरियल ग्लाइड बम का इस्तेमाल किया।

### राजस्थान में गुर्जर आंदोलन की फिर से आहट

**भरतपुर।** राजस्थान में गुर्जर आंदोलन की फिर से आहट हो रही है। सरकारी नौकरियों में 5 प्रतिशत आरक्षण के पूरे लाभ सहित कई मांगों को लेकर 8 जून को भरतपुर के पीलूपुरा में महापंचायत का ऐलान किया गया है। महापंचायत की तैयारियों को लेकर शनिवार को गाजीपुर (दौसा) में मीटिंग होगी। इसमें गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी शामिल होंगे। मंत्री ने कहा कि मैं संघर्ष समिति और समाज के लोगों से बात करूंगा। यह बात टेबल पर होनी चाहिए। अगर कोई खामियां थीं तो उन्हें सरकार को बताना चाहिए था। वहीं, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने कहा कि 17 साल के संघर्ष में उन्हें दो ही चीजें मिली हैं। बाकी सभी मांगें अधूरी हैं। महापंचायत को लेकर समाज एकजुट है।

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति रविवार की महापंचायत को सफल बनाने की कोशिशों में जुटी है।

## सड़क पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार यात्री सुरक्षित




**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां सड़क पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। जिस समय में ये लैंडिंग हुई तब हेलीकॉप्टर में कुछ लोग सवार थे। हालांकि वे सभी सुरक्षित है और पायलट को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा हैं कि हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ जा रहा था। तभी हाईवे पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें श्रद्धालु बाल-बाल बच गए।

सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा कार पर गिर गया इससे कार क्षतिग्रस्त हुई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। ये लैंडिंग तकनीकी खराबी के चलते करानी पड़ी। उत्तराखंड के एडीजी कानून व्यवस्था ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी में एक निजी हेलीकॉप्टर को तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

» न्यूज कैप्सूल »

## चीचली में जन चेतना बावड़ी महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर।** गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने के लिए जन चेतना बावड़ी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत चीचली सभागार में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद गाडरवारा के तत्वावधान में नवांकुर संस्थाओं चीचली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत चीचली की अध्यक्ष राधाबाई अहिरवार, चंद्रकांत गुप्ता, केएल साहू, माया ताम्रकार, अन्य जनप्रतिनिधि, विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था माही सामाजिक संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, जनशक्ति सेवा समिति, हरदौल जन सेवा समिति के सदस्य, परामर्शदाता और नागरिक मौजूद थे। मंच संचालन संतोष चौरसिया ने किया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता नरेश कौरव ने बताया हमारे देश में नदियों को मां का दर्जा दिया है। मां गंगा को मोक्षदायिनी के रूप में मानी जाती है। परषोत्तम पटेल ने पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## मोडी लिपि कार्यशाला आज से

**ग्वालियर।** देवी अहिल्याबाई की 300वी जयंती के उपलक्ष्य मे मराठी साहित्य अकादमी मप्र संस्कृति परिषद भोपाल का मोडी लिपि प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 जून से शुरू होगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले ने ग्वालियर में होने वाली इस कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी राज कवि तांबे अभ्यास मंडल को सौंपी है। मीडिया प्रभारी निशिकांत सुरंगे ने बताया की मोडी लिपि प्रशिक्षण 14 जून तक प्रतिदिन सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक चलेगी।

## पाठ्य सामग्री वितरण के फॉर्म 15 जून से

**ग्वालियर।** सिंधी समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों हेतु पाठ्य सामग्री वितरण के फॉर्म 15 जून से वितरित होंगे। यह सामग्री पूज्य सिंध हिंदू जनरल पंचायत द्वारा गठित सिंधु विद्यार्थी शिक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था के अमर माखीजा ने बताया कि ट्रस्ट के मुख्य न्यासी श्रीचंद वलेचा के निवास पर महासचिव श्रीचंद पंजाबी की अध्यक्षता में बैठक में यह निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलाद रोहिरा, महासचिव ओम प्रकाश छाबड़ा के नेतृत्व में फॉर्म का वितरण तीन चरणों 15 से 17 व 22 से 24 फिर 29 व 30 जून व एक जुलाई को झूलेलाल परमार्थ ट्रस्ट भवन दाना ओली में किया जाएगा।

## बाबा गुरदास राम साहिब का जन्मोत्सव 15 को

**ग्वालियर।** बाबा गुरदास राम का 94वां एक दिवसीय जन्मोत्सव रविवार 15 जून को सुबह 11 बजे से मामा का बाजार स्थित बाबा गरीबदास मंदिर पर मनाया जाएगा। मंदिर के प्रमुख ओमप्रकाश पारप्यानी एवं श्रीचंद पंजाबी ने बताया कि सुबह 11 बजे से प्रेमप्रकाश आश्रम के संत हरिओम लाल, प्रेमप्रकाश आश्रम मुरैना के संत प्रताप राय का सत्संग, भजन कीर्तन होगा। दोपहर 1 बजे से गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग पड़ेगा। तत्पश्चात भक्त केक काटेंगे।

## ईद-उल-अजहा पर पढ़ी नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

**ग्वालियर।** शहर में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व परंपरा के अनुसार मनाया गया इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने शनिवार सुबह ईदगाह और सभी मस्जिदों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा कर देश की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। ईदगाह, मस्जिद के अंदर ही नहीं बाहर सड़कों तक पर लोग नमाज अदा करते देखे गए। नमाज पढ़ने के बाद ईदगाह व मस्जिद के बाहर जश्न का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं।

शहर काजी अब्दुल अजीज कादरी ने सुबह 8 बजे जीवाजीगंज ईदगाह में नमाज अदा की। साथ ही सभी को ईद की बधाइयां दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईद के त्योहार को सभी अमन और भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहार के साथ-साथ शहर को सुरक्षित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।

# बच्चों ने रंगोली बनाकर दिया पर्यावरण एवं जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

### प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**नरसिंहपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एनसीआई हाई स्कूल बसुरिया में बच्चों ने पर्यावरण व जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश रंगोली बनाकर दिया। इस दौरान नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति ने प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बसुरिया द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सतीश कुमार सोनी ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। हम सभी को कम से कम प्लास्टिक का उपयोग कर प्रकृति को संरक्षित करना होगा। चंद्रप्रकाश वर्मा, समन्वयक रामेश्वर वर्मा और स्कूल प्राचार्य डीआर विश्वकर्मा ने भी पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। राजेन्द्र पड़हार ने बताया कि जिले में परिषद द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। लोगों को जल का सदुपयोग करने और जल बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर समिति प्रबंधक, हरदौल बीज उत्पादन समिति के संचालक श्री चंद्रप्रकाश वर्मा, स्कूल संचालक राजेन्द्र परिहार, समिति के अन्य सदस्य, स्कूल का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

## चीचली में जन चेतना बावड़ी महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नरसिंहपुर।** गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने के लिए जन चेतना बावड़ी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत चीचली सभागार में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद गाडरवारा के तत्वावधान में नवांकुर संस्थाओं चीचली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत चीचली की अध्यक्ष राधाबाई अहिरवार, चंद्रकांत गुप्ता, केएल साहू, माया ताम्रकार, अन्य जनप्रतिनिधि, विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे, नवांकुर संस्था माही सामाजिक संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, जनशक्ति सेवा समिति, हरदौल जन सेवा समिति के सदस्य, परामर्शदाता और नागरिक मौजूद थे। मंच संचालन संतोष चौरसिया ने किया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता नरेश कौरव ने बताया हमारे देश में नदियों को मां का दर्जा दिया है। मां गंगा को मोक्षदायिनी के रूप में मानी जाती है। परषोत्तम पटेल ने पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

# शिविर में बच्चो ने धार्मिक पूजन सिखाने के साथ दी धर्म की परीक्षा, समापन आज होगा







**ग्वालियर।** मानव जीवन में हम अपने धर्म और संस्कारों के साथ अपने जीवन का निर्वहन कर रहे हैं लेकिन उस जीवन में सबसे महत्वपूर्ण किरदार मैं स्वयं हूं मुझे दुनियां को समझने से पहले स्वयं की आत्म शक्ति को समझना होगा मैं कौन हूं, कहां से आया हूं, कहां जाऊंगा !इस दुखमय संसार में अनेक कष्टों के साथ भटकना मेरे द्वारा किए गए कर्मों का फल है। यह बात विद्वान मोटिवेशनल स्पीकर, डॉ. शुद्धात्म जैन शास्त्री ने आज दाना ओली स्थित दिगंबर जैन नागौरी मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय अलग जैन बाल संस्कार शिक्षण शिविर में मैं कौन हूं विषय पर सेमिनार 200 बालक, बालिका ओर महिलाओं ने मंत्र मुग्ध होकर भाग लिया। वही शिविर के बच्चों को स्वल्पाहार वितरण पुलक जन चेतन मंच ग्रेटर के पदाधिकारियों ने वितरण किया। इस मौके पर शिविर के दीपक जैन, पारस जैन, अमन जैन, विनोद जैन, आशीष जैन, जयकुमार जैन ने अतिथियों का सम्मान किया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जैन संस्कार शिविर में बालक बालिका ने भगवान जिनेंद्र की पूजन करना सीखी। शिविर के विद्वानों पवन शास्त्री, रोहित जैन ने शिवार्थियों को भगवान जिनेन्द्र का पूजन विधि बताते हुए हमें हाथ जोड़कर प्रार्थना करनी चाहिए। पूजन की थाली में अष्ट द्रव्य जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेद, दीप, धूप, फल आदि पूजा सामग्री से पूजन ध्यान, संयम, तप और भक्ति के साथ प्रभु की आराधना करना चाहिए।

### जैन संस्कार शिविर में 200 शिवार्थियों ने दी लिखित परीक्षा

जैन संस्कार शिविर में जैन धर्म की लिखित परीक्षा में सभी उम्र के 200 बालक, बालिका और महिलाओ ने बड़े उत्साह के साथ लिखित जैन धर्म की प्रश्नों की परीक्षा के माध्यम से जैन धर्म के सिद्धांतों के प्रति उनके ज्ञान को परीक्षा के माध्यम से परखा गया। जैन धर्म तथा संस्कारों की शिक्षा विधिवत विद्वान पवन जैन, सलिला जैन, कु प्रतीति जैन ने परीक्षा में 3 साल से 6 साल तक छोटे छोटे बच्चो ने मौखिक शब्दो से णमोकार मंत्र, तीर्थंकरों के नाम और चिन्ह सुनाए। 8 साल के से उपर के युवा और बालिकाओं ने प्रश्नों के लिखित परीक्षा दी। महिला व पुरुषों किशोर वर्ग ओर श्रावकाचार की लिखित परीक्षा उत्सव पूर्वक दी गई।

### आज शिविर का समापन शिक्षक ओर बच्चो को पुरूस्कार वितरण के साथ होगा

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि जैन बाल संस्कार व योग शिविर में 01 से 08 जून तक आठ दिवसिय शिविर का समापन आज 08 जून को सुबह 08 बजे से शिविर के मुख्य अतिथियों द्वारा परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बच्चो को पुरूस्कार देकर सम्मानित साथ ही धार्मिक शिक्षा संस्कार देने वाले विद्वानगणो का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित के साथ समापन होगा।

# शहरी क्षेत्र में चल रहे रिफॉर्म के कार्य का प्रस्ताव तैयार कर इंसेंटिव के लिए शासन को भेजें: नगर निगम आयुक्त




**ग्वालियर।** शहरी क्षेत्र में चल रहे रिफॉर्म के कार्यों को और अधिक बेहतर बनाने एवं अच्छे कार्यों के लिए शहरो को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा इंसेंटिव की घोषणा की गई है, जिसको लेकर आज शनिवार को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी।

बाल भवन में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, कार्यपालन यांत्रिक पवन सिंहल, ए पी एस जादौन, आरके शुक्ला, सहायक यंत्री अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025 26 के अंतर्गत अर्बन प्लानिंग रिफॉर्म को लेकर सरकार द्वारा घोषित किए गए इंसेंटिव पर चर्चा करते हुए निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कहा कि नगर निगम द्वारा किए गए वाटर सीवरेज एवं स्ट्रांम वॉटर ड्रेनिंग के जीआईएस मेपिंग के कार्य का प्रस्ताव शासन को भेजें। जिससे 3 करोड रुपए का इंसेंटिव मिल सके। इसके साथ ही ऑनलाइन मैपिंग डेटाबेस ऑफ़ म्युनिसिपल ऐसेट एंड डिजिटल इन्वेंटरी के बिंदु पर चर्चा करते हुए राजस्व विभाग को इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

वहीं डिजिटल ट्विन मॉडलिंग के कार्य हेतु पी आई यू विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने की जिम्मेदारी दी। साथ ही डाइवर्सि रेवेन्यू सोर्सेस के बिंदु पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी टैक्स के अतिरिक्त वर्तमान वित्तीय वर्ष में अन्य सोर्स से राजस्व में 10त्न बढ़ोतरी की जाना है। जिस पर 10 करोड रुपए इंसेंटिव मिलेगा। इसको लेकर भी प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश सिटी प्लानर एवं राजस्व विभाग को दिए गए।

इसके साथ ही रीवाइटलिंग सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट हिस्टोरिकल प्लेस वाले बिंदु में शहर के किसी एक स्थान को रीडेवलप करना है जिसके लिए शासन से इंसेंटिव मिलेगा, इस हेतु नोडल अधिकारी पी आई यू को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

थीम बेस्ड ग्रीन फील्ड सिटी के बिंदु पर साडा क्षेत्र की प्लानिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बैठक में नेबर हुड इंप्रूवमेंट प्लान, ट्रांसिट ओरिएंट डेवलपमेंट प्लान, क्रिएशन ऑफ स्पोंज सिटी, सिटी ग्रीन एंड अर्बन फॉरेस्ट पाथवे, रेजिग्नेशन ऑफ इंपैस्टिंग बेल्स एवं कंजर्वेशन एंड रेजिग्नेशन ऑफ अर्बन वॉटर बॉडी को लेकर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।

# मेघालय में नवदंपती पर हमला अंतरराष्ट्रीय साजिश, रघुवंशी महापरिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

### रघुवंशी दंपत्ति की गुमशुदगी को बताया सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र, पाक से मिला है बांगलादेश

### पीएमओ और विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग, भारत को तोडऩे की कोशिश

**गुना।** मेघालय में इंदौर के नवविवाहित युवक राजा रघुवंशी की रहस्यमयी मौत और अशोकनगर की सोनम रघुवंशी की गुमशुदगी को लेकर शनिवार को गुना शहर के एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में रघुवंशी समाज के पदाधिकारियों ने इस पूरी घटना को अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र करार दिया। पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद ने इस घटना को सिर्फ एक दंपती से जुड़ा मामला न मानते हुए इसे देश की सुरक्षा, मानवता और सांप्रदायिक सौहार्द पर हमला बताया। इस दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारी संदीप रघुवंशी छिंदवाडा, धर्मेन्द्र रघुवंशी, गुना संरक्षक रविन्द्र रघुवंशी, भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी, शंभू रघुवंशी, आदित्य रघुवंशी आदि उपस्थित थे। महापरिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि राजा रघुवंशी का शव मेघालय के एक पर्यटन स्थल पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, जिसके पास धारदार हथियार भी मिला है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनकी हत्या की गई है। वहीं, उनकी पत्नी सोनम का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। सोनम अशोकनगर के खेजरा गांव की रहने वाली है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में कई संदिग्ध तथ्य और लापरवाहियां सामने आई हैं। होटल से नवदंपती के चारों मोबाइल फोन गायब हैं, होटल मालिक और गाइड भी जानकारी देने से बच रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब नवविवाहित दंपती अपने हनीमून पर गया था, तब उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी मेघालय सरकार और केंद्र सरकार की थी। यह केवल रघुवंशी समाज का नहीं बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। महापरिषद पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि यह घटना बांग्लादेशी घुसपैठियों के नेटवर्क से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमा उस क्षेत्र से मात्र 5-10 किलोमीटर दूर है, और पहले भी पहलगाम जैसी घटनाएं इसी पैटर्न पर हो चुकी हैं। परिषद ने मामले को सिंदूर ऑपरेशन से जोड़ते हुए कहा कि जैसे पहलगाम घटना के बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की थी, वैसी ही तत्परता इस बार भी अपेक्षित है।

रघुवंशी समाज ने कहा कि यदि इस मामले की सीबीआई जांच नहीं हुई, तो यह पूरे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने कहा कि इस मामले को सिर्फ एसआईटी से नहीं सुलझाया जा सकता, इसके लिए बीएसएफ, विदेश मंत्रालय और खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर लाया जाना चाहिए। पत्रकार वार्ता में समाज के नेताओं ने कहा कि हमें अभी जानकारी मिली है कि सिक्किम से एक और दंपती लापता है, और एक एनआरआई की लाश भी वहां से बरामद हुई है। इन तमाम घटनाओं से संकेत मिलता है कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि मानव तस्करी और अंतरराष्ट्रीय आतंक का संगठित तंत्र है।

# ब्लूम आर्ट कला उत्सव एवं द्वि दिवसीय चित्रकला में युवा प्रतिभाओं की प्रस्तुति



**जबलपुर।** प्रतिभाओं को यदि सही अवसर मिलता है तो उनकी कलाएं निखर कर समाज के सामने आती हैं क्लावीथिका में आज इन प्रतिभाओं को देखकर ऐसा लगा जैसे यह आने वाले भविष्य में बड़े कलाकार होंगे। तदाशय के उद्गार नृत्यांजली कला अकादमी एवं कला वृक्ष गुरुकुल के संयुक्त तत्वावधान में ब्लूम आर्ट कला के रचनात्मक उत्सव के द्वि दिवसीय आयोजन में कला वीथिका में अतिथियों ने व्यक्त किये। यह कला उत्सव युवा और प्रतिभाशाली कलाकारों को समर्पित रहा, जिन्हें अपनी कला को निशुल्क प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया।

आयोजन के संयोजक शलभ नायक एवं कामना नायक थे जिनके दिशा-निर्देशन में 50 से अधिक युवा कलाकारों ने कला का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया। इस प्रदर्शनी की विशेष प्रस्तुति रही अथर्व नाइक की ऽएडल्टहुडऽ विषय पर आधारित सुंदर एवं विचारोत्तेजक पेंटिंग्स, जिन्हें दर्शकों से विशेष सराहना मिली। कला प्रदर्शनी का शुभारंभ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संदीप किंडो, एकलव्य विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सरिता पांडे एवं वरिष्ठ कलाकार डॉ. समता दुबे ने किया।अतिथि स्वागत अरुक्षा नायक ,आलोक पाठक एवं अनुभव दुबे ने किया। विद्यार्थियों को प्रथम दिवस डॉ.सरिता पांडे ने उत्तराखंड की लोककलाओं और लोक संस्कृति से परिचित कराया गया।संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया।

प्रारंभ में नृत्यांजलि कला अकादमी के कलाकारों ने भाव प्रधान समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

## तापमान के बड़त के बीच बादलों की आवाजाही

### दिन में गर्मी, रात में उमस कर रही परेशान

**जबलपुर।** अभी गर्मी परेशान कर रही थी। तापमान उछाल मार रहा है। लेकिन इस बीच आसमान पर बार-बार बादल छाने से राहत कम, आफत ज्यादा मिल रही है। तापमान में भी उछाल बरकरार है। लेकिन उमस सौ गुना बड़ गई है। शनिवार को भी दोपहर में बादल छाए तो शाम को उमस बड़ गई। मानसून के इंतजार में एक-एक दिन मुश्किल से कट रहे है। शीतल हवाओं और खुशनुमा माहौल के लिये लोग तरस रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि उड़ीसा व झारखण्ड और बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। आसपास के क्षेत्रों बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडौरी और मालवांचल में बारिश के समाचार मिलें है। उम्मीद की जा रही है कि अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग के जिलों में पानी की बौछारे पड़ सकती हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में अब चक्रवाती हवाओं का घेरा बनना शुरू हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी मध्यप्रदेश में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है।

## आलीशान घर, 2 एसयूवी, पूर्व सरपंच का परिवार मनरेगा मजदूर?

**जबलपुर।** जनपद पंचायत भितरवार को ग्राम पंचायत बढ़ेरा भारस में मनरेगा योजना के नाम पर ग्वालियर (ईएमएस)। ग्वालियर चंबल संभाग में मनरेगा का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां की पूर्व सरपंच साबदी बाई, जिनके परिवार के पास दो एसयूवी, एक आलीशान मकान है। सरकारी रिकॉर्ड में लगभग पूरा परिवार मजदूर के रूप में दर्ज हैं। उनके पति पंजाब सिंह यादव, बेटा आकाश समेत परिवार के कुल 8 लोगों के नाम से जॉब कार्ड बने हैं। इन्हें 240 रुपए दिहाड़ी के रूप में को हजारों रुपए महीने का भुगतान मनरेगा के तहत किया गया है।

ऐसे में बड़ा सवाल है, इनका जॉब कार्ड किसने और किस नियम से बनाया है।

जिन के पास चार पहिया वाहन हैं।यह लोग घनरेगा में मजदूरी नहीं कर सकते। जनपद पंचायत भितरावर के सीईओ एलान पिप्पल का कहना है, पूर्व सरपंच साबदी बाई और उनके परिवार के मजदूरी करने की जानकारी उन्हें नहीं है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### सेना में भर्ती का बजा बिगुल बजा

**भोपाल।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तारीख घोषित हो गई है। लिखित परीक्षा 30 जून से शुरू होगी और 10 जुलाई तक चलेगी। सेना ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अब लिखित परीक्षा पहले होगी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में शामिल होंगे।

इस साल पिछले तीन साल में सबसे ज्यादा आवेदन अग्निवीर भर्ती के लिए आए हैं। जुलाई के आखिरी सप्ताह तक परीक्षा परिणाम जारी होगा। इसके बाद अगस्त से अक्टूबर के बीच शारीरिक परीक्षा होगी। इस साल दिसंबर तक चयनित अभ्यर्थी ट्रेनिंग पर रवाना हो जाएंगे। लिखित परीक्षा में सबसे ज्यादा भिंड, मुरैना और ग्वालियर के अभ्यर्थी शामिल होंगे, जबकि सबसे कम अभ्यर्थी श्योपुर जिले के हैं।

#### अभ्यर्थियों को 15 जून के बाद जारी होंगे प्रवेश पत्र

लिखित परीक्षा की तारीख की घोषणा हो गई है। अब परीक्षा केंद्र तय होने के बाद प्रवेश पत्र जारी होंगे। सेना के अधिकारियों ने बताया कि 15 जून के बाद ही प्रवेश पत्र जारी होंगे। अभ्यर्थियों को ई-मेल के जरिए प्रवेश पत्र भेजे जाएंगे। साथ ही भारतीय सेना की वेबसाइट पर भी प्रवेश पत्र अपलोड किए जाएंगे।

#### ऑनलाइन मॉक टेस्ट दे सकते हैं अभ्यर्थी

अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट की सुविधा भारतीय सेना की वेबसाइट पर है। ज्वॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर मॉक टेस्ट और ऑनलाइन टाइपिंग टेस्ट दिया जा सकता है। इससे अभ्यर्थियों को परीक्षा का अनुभव हो सकेगा। निर्धारित अवधि में प्रश्न पत्र हल करने की प्रैक्टिस की जा सकती है।

### रेल सेवा पुरस्कार 2024, भोपाल मंडल के 37 रेलकर्मी सम्मानित

**भोपाल।** रेलवे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों के सम्मान में भोपाल मंडल द्वारा आयोजित रेल सेवा पुरस्कार 2024 समारोह 6 जून को न्यू नर्मदा क्लब सभागार परिसर में गारिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विभिन्न विभागों के 37 रेलकर्मियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 13 स्टेशनों एवं डिपो को 'श्रेष्ठ कार्य निष्पादन शील्ड' भी प्रदान की गई। आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समा बांध दिया।

#### हर विभाग की रही भागीदारी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह सम्मान समारोह रेलवे कर्मचारियों की सेवा निष्ठा और कार्य गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार इंजीनियरिंग, यांत्रिक, विद्युत, राजभाषा, परिचालन, चिकित्सा, संरक्षा, सिग्नल और दूरसंचार समेत 17 विभागों के कर्मचारियों को चयनित किया गया। समारोह में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती गुंजन त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, सभी शाखा अधिकारी, यूनियन पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने काहा

#### कास्ट सेंसस से होगा समाज का उद्धार

**भोपाल।** केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले के बाद भाजपा और कांग्रेस में श्रेय की होड़ मची है। कांग्रेस इस फैसले को राहुल गांधी की जीत बता रही है तो वहीं भाजपा सवाल उठा रही है कि जब कांग्रेस सरकार में रही, राहुल गांधी के परिवार के तीन-तीन सदस्य प्रधानमंत्री रहे, तब जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई। श्रेय की इस जंग के बीच पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने भोपाल में कहा है कि देश में मोदी और लोधी का सिक्का चलेगा। लोधी ने कहा- जातिगत जनगणना से ओबीसी समाज का बहुत भला होने वाला है। ओबीसी समाज इससे उभर कर आएगा।

प्रीतम लोधी ने कहा कि जातिगत जनगणना के फैसले से मोदी जी ने लोधी समाज का तो बहुत बड़ा उद्धार कर दिया है। मप्र में 40 और 80 सीटें उत्तर प्रदेश में लोधी बाहुल्य हैं। यूपी में 80 और मप्र में 40 विधायक बन सकते हैं।

# मई-जून में टूटे कई रिकॉर्ड, सबसे कम गर्मी के भी बने रिकॉर्ड

**भोपाल।** प्रदेश में बेमौसम बने सिस्टम ने इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मध्य प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ है जब मई महीने से लेकर अब तक लगातार 42वें दिन कहीं न कहीं आंधी-बारिश हुई हो। अलग-अलग जिलों में हुई बारिश से राजधानी भोपाल सहित 53 जिलों में बारिश हुई है। मई महीने में बारिश के कई रिकॉर्ड भी टूटे। इंदौर में 139 साल में सबसे ज्यादा 4.6 इंच बारिश हुई है। तो उज्जैन में सबसे ज्यादा बारिश का ओवरऑल रिकॉर्ड बन गया है।

इस साल पूरे मई महीने में आंधी, बारिश और ओले वाला मौसम रहा। इंदौर में 1886 के मई महीने में 107.7 मिमी बारिश हुई थी। इस बार 114.8 मिमी बारिश हो चुकी है। उज्जैन में इस बार 111.8 मिमी इंच से ज्यादा



पानी गिरा है। 2021 में कुल मासिक बारिश 65 मिमी हुई थी। बारिश के नए रिकॉर्ड बनने के साथ सबसे कम गर्मी के भी रिकॉर्ड बने हैं।

#### कई शहरों में 40 पार नहीं पहुंचा पारा

इस साल मई में अप्रैल जितनी गर्मी तक नहीं रही। अप्रैल में कई शहरों में तापमान 45 डिग्री तक पारा पहुंच गया था। इस साल मई में प्रदेश के किसी भी शहर में दिन का तापमान 43 डिग्री तक भी नहीं पहुंचा। नौतपा में भी कम ही गर्मी रही। सबसे अधिक गर्म रहने वाले नौगांव, खजुराहो, टीकमगढ़, ग्वालियर, दमोह, शिवपुरी जैसे शहरों में भी पारा 40 डिग्री के पार नहीं पहुंच सका।

#### 9 जून तक चलेगा बारिश का दौर

मौसम केंद्र के अनुसार मध्य प्रदेश में 9 जून तक तो बारिश का दौर चलता ही रहेगा। वहीं 10 जून के बाद कभी भी प्रदेश में मानसून एंटर कर सकता है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ दिव्या ई सुरेंद्रन के अनुसार प्रदेश में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी बनी हुई है। इस वजह से आंधी-बारिश वाला मौसम है। अगले 4 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

# भोपाल छात्रा रेप केस में लापरवाही पर कार्रवाई

#### एसआईटी जांच कर रहे थाना प्रभारी हटाए गए, लाइन अटैच

**भोपाल।** भोपाल में कॉलेज छात्राओं के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के मामले में जांच में लापरवाही बरतने पर पुलिस प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अशोका गार्डन थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव को पद से हटाकर लाइन अटैच कर दिया गया है। वह इस मामले में एसआईटी जांच का हिस्सा थे। यह आदेश डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला ने जारी किया। बताया जा रहा है कि हेमंत श्रीवास्तव पर मामले की गंभीरता के अनुरूप कार्रवाई न करने और जांच को सुस्त गति से आगे बढ़ाने के आरोप थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने भी जांच पर सवाल उठाए थे। टीम ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी थी, जिसमें आरोपियों की कार्यप्रणाली और पुलिस की जांच प्रक्रिया को लेकर गंभीर टिप्पणियां की गई थीं। मामले में फरहान खान, साहिल खान और अली खान नामक तीन युवकों पर आरोप है कि उन्होंने पहले अपना धर्म छिपाकर छात्राओं से दोस्ती की। बाद में उन्हें महंगे गिफ्ट और लग्जरी गाड़ियों का लालच देकर झांसे में लिया गया। आरोपियों ने छात्राओं को नशे का सेवन कराकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिए। बाद में इन्हीं वीडियो के जरिए उन्हें ब्लैकमेल कर धमकाया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले में एक संगठित नेटवर्क के सक्रिय होने की आशंका जताई है। आयोग का मानना है कि आरोपी अकेले नहीं थे।

# धान के परिवहन में बड़ा घोटाला उजागर, जांच में हुआ खुलासा

#### स्कूटर पर ढोया गया करोड़ों का धान

#### जिला प्रशासन ने करीब 40 मिलर्स को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**भोपाल।** मप्र में समर्थन मूल्य पर अनाजों की खरीदी और उनके परिवहन में हर साल करोड़ों रूपए का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। एक फिर बड़ा घोटाला सामने आया है। यह घोटाला धान के परिवहन से जुड़ा हुआ है। जबलपुर में धान के परिवहन में बड़ा घोटाला आने के बाद हड़कंप मच गया है। जांच में पता चला कि कुछ राइस मिलर्स ने धान की ढुलाई के लिए ट्रकों की बजाय स्कूटर, ऑटो और अन्य छोटे वाहनों के नंबर दर्ज किए हैं। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने करीब 40 मिलर्स को नोटिस जारी किया है।

पहले चरण की जांच में जबलपुर जिले से बाहर भेजे गए धान की परिवहन व्यवस्था में गड़बड़ी पाई गई थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। अब जिले के भीतर धान की ढुलाई की जांच राजस्व विभाग के एसडीएम को सौंपी गई। जबलपुर, रांझी, शहपुरा, सिहोरा और पाटन के एसडीएम ने 44 से ज्यादा राइस मिलर्स के रिकॉर्ड खंगाले। सूत्रों के अनुसार करीब 20 ऐसी राइस मिलें हैं जिन्होंने एक करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के धान के परिवहन में गलत नंबर दिखाए हैं। पहले हुई जांच में इन मिलर्स को क्लीन चिट दे दी गई थी, लेकिन वाहन नंबरों की गड़बड़ी की जांच पहले नहीं की गई थी।

#### कलेक्टर ने मांगा जवाब

जांच में यह हैरान करने वाली बात सामने आई कि कई मिलर्स ने वेयरहाउस से धान लाने के लिए जिन वाहनों का जिक्र किया, उनके नंबर गलत निकले। कुछ मामलों में जिन वाहनों का नंबर सही था, वे वाहन इतने बड़े नहीं थे कि धान की बड़ी खेप को ला सकें। कुछ नंबर स्कूटर, ऑटो या हाइवा के निकले, जिनका धान की ढुलाई से कोई लेना-देना नहीं। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इन अनियमितताओं पर संज्ञान लेते हुए करीब 40 मिलर्स को नोटिस जारी किया है और स्पष्टीकरण मांगा है कि गलत वाहन नंबर क्यों दिए गए।

# फंदा विकासखंड के 20 गांवों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जैविक खेती एवं ग्राम विकास के हुए कार्य

#### 4 स्टॉप डैम, 80 नालों की खुदाई, 2 तालाबों का गहरीकरण

**भोपाल।** अर्पण सेवा संस्थान द्वारा एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से भोपाल जिले के फंदा विकासखंड की 20 ग्राम पंचायतों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा समग्र ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 4 स्टॉप डैम, 80 ड्रेन सिस्टर्न (नालों की खुदाई), 2 तालाबों का गहरीकरण एवं 13 खेत तालाब का निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं के माध्यम से कुल 1,49,656 घन मीटर जल संचयन संभव हुआ है, जिससे 1,014 एकड़ भूमि की सिंचाई सुनिश्चित होगी और कुल 855 किसान सीधे लाभान्वित होंगे।



इससे किसानों की कृषि निर्भरता वर्षा पर कम हुई है तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि की संभावनाएं बनी हैं। साथ ही, 20 परियोजना गांवों में 200 सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित की गई हैं, जिससे रात्रिकालीन सुरक्षा, आवाजाही और सामाजिक गतिविधियों में सुधार आया है। संस्थान द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किसानों को रासायनमुक्त खेती, जैविक खाद एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों के उपयोग हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है, जिससे मृदा की उर्वरता बनी रहे और दीर्घकालिक आजीविका सुनिश्चित हो सके। ग्राम विकास समिति (वीडीसी) के सदस्यों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर नेतृत्व क्षमता, वित्तीय साक्षरता और आजीविका संवर्धन पर बल दिया गया है। इन समेकित प्रयासों से जल, ऊर्जा, कृषि और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में दीर्घकालिक सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिससे गांवों को आत्मनिर्भर और स्थिर विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

# भोपाल में कोरोना के मरीज मिलने के बाद भी नहीं शुरू हुई आरटी-पीसीआर जांच

#### निजी लैबों में करानी पड़ रही जांच

**भोपाल।** मप्र में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है राजधानी भोपाल में भी तीन मरीज मिल चुके हैं इसके बावजूद अभी तक सरकारी अस्पतालों में आरटी-पीसीआर जहां शुरू नहीं हो पाई है। लक्षण वाले मरीजों को निजी अस्पतालों में जांच करनी पड़ रही है। प्रदेश में पहला केस 23 मई को सामने आया था। अब तक सामने आए कुल 50 मामलों में से करीब 40 प्रतिशत मरीज या तो देश के अन्य राज्यों से लौटे थे या किसी बाहर से आए संक्रमित के संपर्क में आए थे। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि बीते 20 दिनों में देशभर में एक्टिव केस 93 से बढ़कर 5,364 हो गए हैं। यानी 16 मई की तुलना में 6 जून को देश में 5,274 ज्यादा एक्टिव केस हैं।

प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में आरटी-पीसीआर जांच ठप है, क्योंकि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अब तक किट खरीदी के लिए रेट कॉन्ट्रैक्ट नहीं किया है। साल 2020 में जो रेट तय किए गए थे, वे 2023 में समाप्त हो गए। 2024 में आवश्यकता नहीं पड़ी, लेकिन अब केस बढ़ने लगे हैं, तो सरकारी अस्पतालों में जांच नहीं हो पा रही। लोग निजी लैब में 1200 से 1500 रुपए देकर जांच कराने को मजबूर हैं। अब तक आए सभी केसों की जांच निजी लैब में हुई है।

#### स्वास्थ्य विभाग छिपा रहा मरीजों की जानकारी

कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग मरीजों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। जबकि साल 2020 से 2024 तक जब भी केस बढ़ते थे, तो स्वास्थ्य विभाग रोजाना बुलेटिन जारी करता था, लेकिन 2025 में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। न बुलेटिन आ रहा, न ही अधिकारी जानकारी देने को तैयार हैं। उनका कहना है कि जब तक राज्य सरकार की ओर से गाइडलाइन नहीं आती, वे कोई सूचना नहीं देंगे।

#### हमीदिया की जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन खा रही धूल

कोरोना की दूसरी लहर में हुई भारी मौतों के बाद मध्यप्रदेश के 5 मेडिकल कॉलेजों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में जीनोम सीक्वेंसिंग लैब स्थापित करने का फैसला लिया गया था, लेकिन भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज की स्टेट वायरोलॉजी लैब और इंदौर के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को छोड़कर, बाकी किसी भी मेडिकल कॉलेज में अभी तक मशीनें नहीं आई हैं। हमीदिया अस्पताल में लगाई गई मशीन का अभी तक इस्तेमाल ही नहीं किया गया। कोविड वायरस को फैलने से रोकने, उसके असर की बारीकी से निगरानी करने और सटीक जानकारी देने के मकसद से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मध्यप्रदेश की स्टेट वायरोलॉजी लैब को 5 करोड़ रुपए की जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन दी थी।

#### सिर्फ एम्स में जांच की सुविधा उपलब्ध

कोविड अलर्ट के बीच केवल एम्स भोपाल अकेला सरकारी अस्पताल है, जहां कोरोना की जांच के लिए आरटी-पीसीआर किट मौजूद हैं। संस्थान ने किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन भी किया है, जिससे कोविड संक्रमण की सटीक पहचान संभव है।

# पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले का केंद्र बना मुरैना

#### अब तक 12 मुन्नाभाई गिरफ्त में, डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन में लगातार हो रहा खुलासा

**भोपाल।** डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के दौरान पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले की जड़े परत-दर-परत खुलती जा रही हैं। सत्यापन कार्य में लगे अधिकारियों ने एक दिन पहले 4 नए केस पकड़े हैं। इन अभ्यर्थियों ने भी अपने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट कर सॉल्वर के माध्यम से परीक्षा पास की। मुरैना में अब फर्जी अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इनके खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में पास हुए अभ्यर्थियों के डाक्यूमेंट्स सत्यापन का कार्य मुरैना की 5वीं बटालियन में चल रहा है। सत्यापन के दौरान एसएएफ की 5वीं बटालियन में पदस्थ इंस्पेक्टर ब्रजमोहन माहौर ने 4 और केस पकड़े। इन अभ्यर्थियों के नाम विनोद सिंह गुर्जर निवासी पनिहार, बदन सिंह निवासी विजयपुर जिला श्योपुर, अंशुल सिंह बोहरा निवासी गोरमी जिला भिंड और अंकित सिंह महाराज पुर इटावा उत्तरप्रदेश हैं। वेरिफिकेशन के दौरान पता चला कि इन अभ्यर्थियों ने भी अपने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट कर परीक्षा में सॉल्वर बैठाए। इंस्पेक्टर ब्रजनोहन माहौर ने इन चारों अभ्यर्थियों के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। इनकी अभी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

#### आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट कर सॉल्वर बैठाए

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी 8 फर्जी अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इन्होंने भी आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट कर सॉल्वर के जरिये परीक्षा पास की। इस तरह से मुरैना में अब फर्जी अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पुलिस ने इनमें से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीएसपी दीपाली चंदोरिया ने बताया कि पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में अब तक एक दर्जन फर्जी अभ्यर्थी पकड़े गए हैं। इनमें से 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 4 आरोपियों की तलाश की जा रही है। फर्जी अभ्यर्थियों ने अपने आधार भर्ती से पहले और बाद में अपडेट कराये थे, जांच के दौरान पकड़े गए। इनसे जुड़े जो भी लोग हैं, उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इनके तार अन्य राज्यों में जुड़े हुए हैं।

#### अभी और भी केस मिलने की संभावना

मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक जीडी/रेडियो भर्ती परीक्षा 2023 में पास लोगों का फिजिकल मुरैना एसएएफ की पांचवीं बटालियन वाहिनी के मैदान में कराया गया था। इसमें पास हुए कुल अभ्यर्थियों में से 38 मुरैना जिला मुख्यालय को आवंटित किए गए। इनमें से 35 अभ्यर्थियों ने मुरैना पुलिस लाइन में आमद दर्ज कराई थी। जॉइनिंग से पहले डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के दौरान अभ्यर्थी संदिग्ध पाए गए।

#### अब तक इनके खिलाफ हो चुकी है एफआईआर

अभी तक जिन लोगों पर एफआईआर की गई है उनमें हरिओम रावत खितरपाल जिला श्योपुर, राधाचरण पुत्र रामपति मोहनपुरा जिला धौलपुर राजस्थान, दिनेश पुत्र राजेंद्र सिंह जिला भिंड, विनोद पुत्र प्रीतम सिंह गुर्जर निवासी बनवारी पनिहार ग्वालियर, बदन सिंह पुत्र मेहताब सिंह मेदावली विजयपुर श्योपुर, अंशुल पुत्र मेहताब सिंह बहेरा गोरमी भिंड, अंकित सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी महाराजपुरा चकरनगर इटावा उत्तरप्रदेश, करतार सिंह पुत्र रामनाथ सिंह सखवार अम्बाह मुरैना और कल्याण सिंह पुत्र अतर सिंह गुर्जर माता बसैया शामिल हैं।

### बिजली कंपनी को भारी पड़ी मनमानी

#### गलत बिल भेजने पर उपभोक्ता आयोग ने लगाई फटकार....देना पड़ेगा हर्जाना

**भोपाल।** बिजली देयकों को लेकर विद्युत वितरण कंपनियों की मनमानी नई बात नहीं है। शिकायतों की सुनवाई नहीं करने से परेशान भोपाल के एक उपभोक्ता की शिकायत पर उपभोक्ता आयोग ने गलत बिजली बिल देने पर बिजली कंपनी को 10 हजार रुपया हर्जाना देने का आदेश दिया है। यही नहीं, उपभोक्ता को भेजा गया 42 हजार 872 रुपये का बिजली बिल भी गलत बताकर निरस्त कर दिया है। करोंद निवासी गिरजा सक्सेना ने मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ 2020 में याचिका लगाई थी। उनका कहना था कि उन्होंने 2017 में संयोजन लिया था।

# केएफ रुस्तमजी पुरस्कार पाने वालों की सूची जारी

#### एएसपी सहाय, राजेश, इंस्पेक्टर चौगड़े को रिवाल्वर; निरीक्षक मनोज, एचसी सागर को मिलेगी गन

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के दो अफसरों और एक कार्यवाहक निरीक्षक को रिवाल्वर देने का फैसला किया है। इन्हें परम विशिष्ट श्रेणी में यह पुरस्कार दिया गया है। इसके साथ ही अति विशिष्ट श्रेणी में एक इंस्पेक्टर और एक प्रधान आरक्षक को बारह बोर की गन और प्रमाण पत्र देने का फैसला किया गया है। इनके अलावा 45 पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को 50 हजार रुपए की राशि और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। गृह विभाग ने यह पुरस्कार केएफ रुस्तमजी अवॉर्ड 2020 के अंतर्गत देने का निर्णय लिया है।

गृह विभाग द्वारा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को रिवाल्वर और 12 बोर गन देने का फैसला किया गया है। उसमें राजेश सहाय पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर, राजेश तिवारी पूर्व एडिशनल एसपी और ओमप्रकाश चौगड़े कार्यवाहक निरीक्षक सतना शामिल हैं। इन तीनों को परम विशिष्ट श्रेणी में रिवाल्वर और प्रमाण पत्र मिलेंगे। वहीं अति विशिष्ट श्रेणी में मनोज शर्मा निरीक्षक पीएचक्यू, ज्योति तिवारी कार्यवाहक प्रधान आरक्षक सागर को एक 12 बोर की गन और प्रमाण पत्र मिलेगा।

#### विशिष्ट श्रेणी में इनको पुरस्कार

पीएचक्यू द्वारा पुरस्कार पाने वालों की जो सूची जारी की गई है। उसमें विशिष्ट श्रेणी में शालिनी दीक्षित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 3 नगरीय पुलिस भोपाल, संदेश कुमार जैन पुलिस अधीक्षक रेडियो भोपाल, विनय प्रकाश पॉल एआईजी पीएचक्यू भोपाल, विक्रम सिंह एएसपी मऊगंज, ममतेश कुमार माली एसपी पीटीएस एमटी भोपाल के नाम हैं। साथ ही निशा रेड्डी एएसपी आगरमालवा, अभय राम चौधरी रिटायर्ड डीएसपी, अवनीत शर्मा कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक आजाक शिवपुरी, नरेंद्र कुमार मिश्रा इंस्पेक्टर जबलपुर भी सम्मानित होंगे।

## संपादकीय

# सोवियत रूस की राह चला अमेरिका कर्ज लेकर घी पी रहे हैं ट्रंप

**अमेरिका** का आर्थिक संकट दिनों दिन गहराता ही जा रहा है। अमेरिका के ऊपर 36 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज हो चुका है जो अमेरिका की जीडीपी के मुकाबले 122 फ़ीसदी को पार करने जा रहा है। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अहंकार के चलते सारी दुनिया को जीतने और सारी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करने के लिए जो टैरिफ बार शुरू किया था उस टैरिफ बार मकड़ जाल में वह स्वयं फंसकर रह गए हैं। कैसे बाहर निकलेंगे उन्हें पता नहीं टेस्ला कंपनी के एलन मस्क ने अरबों रुपए खर्च करके डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव जितवाने में मदद की थी वही डोनाल्ड ट्रंप अब एलन मस्क से इतने नाराज हैं। उसकी मदद करना तो दूर जो सब्सिडी उसे अभी तक मिल रही थी उसे भी बंद करने जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप को कोई आदमी उनका विरोध करें यह उन्हें जरा भी पसंद नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अहंकार के मद में चूर हैं। कर्ज पर कर्ज लेते चले जा रहे हैं।

सारी दुनिया के देश को धमका रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता था कि अमेरिका के बिना दुनिया का कोई भी काम या दुनिया का कोई भी व्यापार संभव नहीं होगा लेकिन उसके इस अहंकार पर चीन ने सबसे ज्यादा चोट की है। चीन के सामने अमेरिका घिगयाने के लिए विवश हुआ है। चीन के जवाबी हमले ने ट्रंप के सारे कस और बल को निकाल दिया है। दुनिया में ट्रंप अब कमजोर राष्ट्रपति के रूप में देखे जा रहे हैं। जिस तरह से अमेरिका में महंगाई और मंडी बढ़ती चली जा रही है। 2025 की विकास दर 2.0 से घटकर 1.4 फ़ीसदी होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिका में कर्ज और उसके ब्याज का बोझ जिस तरह कैसे बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाने की स्थान पर जो तुगलकी फरमान डोनाल्ड ट्रंप जारी कर रहे हैं। उसको देखते हुए अब सारे विश्व में यह कहा जाने लगा है। जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन 1990 के दशक में हुआ था लगभग वही हालत 2025 में अमेरिका की देखने को मिलने लगी है। जिस तरह से एक-एक करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विशेषज्ञों के साथ अपनी दुनिया बना रहे हैं।

ऐसी स्थिति में जो गड्ढा वह दूसरों के लिए खोद रहे थे अब उसी गड्ढे में वह स्वयं गिरते चले जा रहे हैं। यह धारणा सारी दुनिया के देशों में बनने लगी है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में जिस तरह से दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप को खरी खरी सुनाकर चले जाते हैं और अमेरिका उनका कुछ नहीं कर पाता है। अमेरिका के बढ़ते कर्ज पर जिस तरीके से शेयर बाजार वालस्ट्रीट और अन्य आर्थिक विशेषज्ञ अमेरिका के लिए कर्ज को खतरे की घंटी बता रहे हैं। यदि इस पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी अमेरिका में एक ऐसी स्थिति खड़ी हो सकती है। इसके बारे में अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की थी अमेरिका एक संघीय देश है। राज्यों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनको अनदेखा करते हुए जिस तरह की दादागिरी कर रहे हैं। उसके बाद यह बार-बार कहा जाने लगा है की जो सोवियत रूस का हुआ था यदि वही अमेरिका के साथ हो जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं करना चाहिए 100 वर्ष के इतिहास में अमेरिका सबसे ज्यादा मुसीबत के दौर से गुजर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप इस स्थिति में सबसे खतरनाक व्यक्ति साबित हो रहे हैं। अमेरिका यदि कमजोर होता है तो वैश्विक स्तर पर अराजकता बढ़ेगी सारी दुनिया में अशांति होगी सारी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ सकती है।

इस आसन का को लेकर सारी दुनिया के देशों में एक बड़ी चिंता देखी जा रही है। भारत भी इस चिंता से दूर नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो तनाव बना है। इसका लाभ चीन और भारत के पड़ोसी देश उठा रहे हैं। चीन उनकी दोनों हाथों से मदद कर रहा है। उन्हें सैन्य हथियारों से लेकर अन्य आर्थिक मदद दी जा रही है। चीन की जो गतिविधियां हैं। वह भारत को कमजोर करने वाली हैं। भारत आज सारी दुनिया के देशों में अलग-अलग पड़ता चला जा रहा है। भारत के लिए भी यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है। कर्ज की इकोनॉमी से जब अमेरिका जैसा देश विघटन के दौर में पहुंच सकता है, तब आसानी से कल्पना की जा सकती है कि भारत के ऊपर जो कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। वह भारत को कौन सी दिशा और दशा होगी इसको लेकर भारत की चिंता भी अब देखने को मिलने लगी है।

– सनत जैन

# अहिल्याबाई का विरासत पथ बना मोहन का विकास पथ



हर्षवर्धन पान्डे

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को सुशासन, नारी सशक्तिकरण और जनकल्याण की प्रतीक माना जाता है। अपने शासनकाल में जनकल्याण और समावेशी विकास की ऐसी मिसाल कायम की जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी इस विरासत को न केवल संरक्षित करने का संकल्प लिया है, बल्कि इसे आधार बनाकर प्रदेश को विकास के नए आयामों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सुशासन की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने न केवल प्रशासनिक दक्षता और न्यायप्रियता का परिचय दिया, बल्कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए। मंदिरों, घाटों, सरायों और जल संरक्षण परियोजनाओं के निर्माण के माध्यम से उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक अभ्युदय को बढ़ावा दिया। उनकी यह विरासत आज भी मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का आधार है जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अपने विजन से नई दिशा दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों को विकास नीतियों में समाहित करने का संकल्प लिया है। अहिल्याबाई की पुण्य गाथा से आज पूरा प्रदेश सरोबार रहा है जिसके चलते उनके कार्यों की जानकारी आम आदमी तक पहुंच रही है। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने विरासत के साथ विकास के मंत्र को अपनाते हुए मध्यप्रदेश को एक समृद्ध और सशक्त राज्य बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उनकी नीतियां और योजनाएं न केवल आर्थिक विकास पर केंद्रित हैं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देती हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने का जो संकल्प लोकमाता लिया था, उसे डॉ. मोहन यादव की सरकार देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के माध्यम से साकार कर रही है। यह मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) मंत्र से प्रेरित है। इस मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं जैसे लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, लखपति दीदी और महिला स्व-सहायता समूहों का सशक्तिकरण लागू किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी जैसे कदम उठाए गए हैं। अहिल्याबाई के शासनकाल में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का विशेष महत्व था। डॉ. मोहन यादव ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए ई-गवर्नेंस की सुशासन प्रणालियों को प्रदेश में बेहतर ढंग से लागू किया है। उनकी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनकल्याण पर्व जैसे अभियान शुरू किए हैं जिनमें शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ वंचित वर्गों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महारानी अहिल्या के शासनकाल के फैसले, नीतियों से प्रेरित होकर अपनी कैबिनेट की बैठक इंदौर के राजबाड़ा में रखी जिसमें अहिल्याबाई की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर प्रदेश के विकास के लिए कई निर्णय लिए गए जिसमें 3876 करोड़ रु. की सौगात प्रदेश को दी गई। मोहन सरकार की मौजूदा नीतियों में शामिल सुशासन, जनसुनवाई और महिला सशक्तिकरण उन्हीं से प्रेरित है।डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के लिए कई पहल की हैं। अहिल्यादेवी द्वारा निर्मित मंदिरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक संरचनाओं के रखरखाव के लिए अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय, और सिंहस्थ 2028 जैसे आयोजनों के लिए विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं। ये प्रयास न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस योजना तैयार की है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बीते डेढ़ वर्ष में औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए उन्होंने न केवल बेहतर नीतियां बनाई, बल्कि जमीनी स्तर पर निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव किए। इस तरह के भव्य आयोजनों ने विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभावनाओं को मजबूती प्रदान की। इसके साथ ही निवेशकों के साथ सीएम डॉ.यादव ने सीधा संवाद स्थापित किया जिससे मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति मिली।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना



ललित गर्ग

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

## सुविचार

प्रत्येक व्यक्ति की अच्छाई ही प्रजातंत्रीय शासन की सफलता का मूल सिद्धांत है। **- राजगोपालाचारी**

अपने अनुभव का साहित्य किसी दर्शन के साथ नहीं चलता, वह अपना दर्शन पैदा करता है। **- कमलेश्वर**

## प्रसंग

# प्रेमचंद की गाय

उन दिनों प्रसिद्ध उपन्यास - लेखक मुंशी प्रेमचंद गोरखपुर में अध्यापक थे। उन्होंने अपने यहाँ गाय पाल रखी थी। एक दिन चरते -चरते उनकी गाय वहाँ के अंग्रेज जिलाधीश के आवास के बाहरवाले उद्यान में घुस गई। अभी वह गाय वहाँ जाकर खड़ी ही हुई थी कि वह अंग्रेज बंदूक लेकर बाहर आ गया और उसने गुस्से से आग बबूला होकर बंदूक में गोली भर ली। उसी समय अपनी गाय को खोजते हुए प्रेमचंद वहाँ पहुँच गए।

अंग्रेज ने कहा कि यह गाय अब तुम यहाँ से ले नहीं जा सकते। तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने अपने जानवर को मेरे उद्यान में घुसा दिया। मैं इसे अभी गोली मार देता हूँ, तभी तुम काले लोगों को यह बात समझ में आएगी कि हम यहाँ हुकूमत कर रहे हैं। और उसने भरी बंदूक गाय की ओर तान दी। प्रेमचंद ने नरमी से उसे समझाने की कोशिश की, महोदय ! इस बार गाय पर मेहरबानी करें। दूसरे दिन से इधर नहीं आएगी। मुझे ले जाने दें साहब। यह गलती से यहाँ आई। फिर भी अंग्रेज झल्लाकर यही कहता रहा, तुम काला आदमी ईडियट हो - हम गाय को गोली मारेगा। और उसने बंदूक से गाय को निशान बनाना चाहा। प्रेमचंद झट से गाय और अंग्रेज जिलाधीश के बीच में आ खड़े हुए और गुस्से से बोले, तो फिर चला गोली। देखूँ तुझमें कितनी हिम्मत है। ले। पहले मुझे गोली मार। फिर तो अंग्रेज की हेकड़ी हिरन हो गई। वह बंदूक की नली नीची कर कहता हुआ अपने बंगले में घुस गया।

## जरा हटके

# चंद सेकण्ड में एआई बता रहा फल और सब्जियां फ्रेश हैं या नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जब से स्मार्टफोन में एआई की एंट्री हुई है तब से आपके फोन और भी ज्यादा स्मार्ट हो गए हैं। अब आप ये तक जान सकते हैं कि फल और सब्जियां फ्रेश हैं या नहीं। ये जानने के लिए आपको न नाक से सूंघने की जरूरत पड़ेगी, न ही आपको सब्जीवाले को बोलना पड़ेगा। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ये मम्मी वाले काम भी चुटकियों में हो सकते है। आप इसके लिए चैटजीबीटी जैसे टूल्स का लाइव वीडियो फीचर इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां से आप इमेज इनपुट और वीडियो एनालिसिस का इस्तेमाल करके इसके बारे में जान सकते है कि कोई फल या सब्जी फ्रेश है या नहीं। दरअसल, इस काम को करने के लिए एआई पहले तस्वीर में मौजूद फल या सब्जी के कलर, टेक्सचर, स्पॉट्स और डीकंपोजिशन के शुरुआती लक्षणों को चेक करता है। इसके बाद चैट जीबीटी का नया वीडियो फीचर 'सोर्स' इसमें और भी बेहतर तरीके से मदद करता है। इतना ही नहीं आप फल या सब्जी की एक छोटी वीडियो क्लिप बना सकते हैं और एआई को दिखा के उसके बारे में तुरंत जान सकते हैं कि वहां सही है या नहीं। हाल ही में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने भी इस फीचर को टेस्ट किया और तरबूज फ्रेश है या नहीं ये पता करने के लिए एआई की मदद ली। एआई ने एक-एक कर फल के बारे में बताया और उसके कलर और उससे आ रही आवाज के बेस पर कहा कि ये तरबूज काफी रसीला हो सकता है। इसका कलर भी अच्छा दिख रहा है। इसके बाद इन्फ्लुएंसर ने तरबूज को खरीद लिया और टेस्ट करने के लिए जब घर पर तरबूज को कटा तब पता चला एआई ने जो-जो बताया बिलकुल सही था। तरबूज एक दम फ्रेश और रसीला था। जिससे आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि एआई अब आपकी इन कामों में भी काफी बेहतर ढंग से मदद कर सकता है।



## फोटो ऑफ द डे




अमेरिका में मिलफोर्ड के एक हाई स्कूल छात्र की रिहाई के बाद उसके साथ ही उत्साहित दिखे। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

# आप को आजाद उम्मीदवार का समर्थन

आम आदमी पार्टी को दिल्ली में मिली हार के बाद समझा जा रहा था कि वह राजनीतिक गलियारे में हाशिये पर जा रही है। इससे उलट आप को दूसरे राज्यों में पैर जमाने के लिए जमीन मिलती दिख रही है। दरअसल ऐसा इसलिए कहा जा रहा क्योंकि पंजाब के लुधियाना जिले के हलका पश्चमी में 19 जून को उप-चुनाव होने वाले है। इसके लिए आप के साथ ही कांग्रेस, बीजेपी और शिअद ने अपने-अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। इस सीट पर अनेक आजाद उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे है। इन्हीं में से एक आजाद उम्मीदवार ने आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का वादा किया है, जिसे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी का पटका पहनाया है। आप पंजाब के नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोक हित कार्यों के कारण आज सभी लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है। अब देखना यह है कि आखिर पंजाब से हटकर आम आदमी पार्टी को और किन जगहों पर इस तरह का समर्थन मिलता है।

# मुजीबुर्रहमान के बगैर बांग्लादेश

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को दिए गए राष्ट्रपिता के दर्जे को खत्म करने का ऐलान कर दिया है। स्वतंत्रतता सेनानियों से जुड़े कानून में संशोधन करते हुए यह बदलाव आनन-फानन में किया गया है। मीडिया में इस फैसले को लेकर मिली-जुली प्रति या देखने को मिल रही है। दरअसल कुछ दिन पहले ही मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को नई मुद्रा (करंसी) नोटों से हटा दिया और अब राष्ट्रपिता का दर्जा छीन लिया गया है। इस प्रकार अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन कर दिया है, जिससे स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा को बदल दिया गया है। बांग्लादेश के कानून, न्याय और संसदीय कार्य मंत्रालय ने इस संशोधन से जुड़ा अध्यादेश जारी किया जा चुका है। राष्ट्रपिता मुजीबुर्रहमान के बगैर बांग्लादेश का भविष्य कैसा होगा यह देखने वाली बात है।

## व्यंग्य

# श्मशान घाट का इंडेक्स यमराज के हवाले

अविनाश वाचस्पति

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने 2400 लोगों पर एक सर्वेक्षण किया और उसके नतीजों का खुलासा करके वही बातें दोहराई हैं जो हमारे बुजुर्ग पहले ही बतला गए हैं कि दूध का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और रोगों को मानव शरीर के पास फटकने भी नहीं देता है।

परन्तु आज शहरों में खालिस दूध नहीं मिलता है। दूध और इनसे बने उत्पाद इतने ज़हरीले हो चुके हैं कि साँपों को भी शर्म आने लगी है कि हम से अधिक ज़हरीले लोग, नागफनी के काँटे क्या हैं, उनसे अधिक कंटीले लोग। वो लोग जो सिंथेटिक दूध का उत्पादन और व्यापार कर रहे हैं। वो लोग जो जानवरों की हड्डियों से देशी घी बना कर लाभ कमा रहे हैं। उनसे अधिक काँटे इनके सिवाय पब्लिक को और कौन चुभो रहा है?

इनका सेवन करके जब इंसान रोगी हो जाता है तो जो डॉक्टर इलाज के लिए मिलता है, वो फज़ी डिग्रीधारी होता है। दवाई जो ख़रीद कर रोग से बचाव के लिए खानी होती है वो नकली होती है। कब तक और कहाँ तक बचेगा इंसान तू। बचने का उपक्रम मत कर। उनसे बच गया तो इनसे कैसे बचेगा जो ब्लू लाईन ड्राइवरों का रूप धर कर दिल्ली की धरा पर उतर आए हैं। सड़कों पर यमराज ने और उनके दूतों ने उतर कर मनमानी मचा रखी है। जो बस यात्रियों को विवश, पैदल को खून से लथपथ, कार वालों को शरीर से बेकार, साईकिल वालों को चक्करघिन्नी की तरह घुमा रहे हैं और पब्लिक से पिटने पर भी अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आ रहे हैं। मौत का खूनी खेल सड़कों पर बदस्तूर जारी रहा तो लोग बीमारी से नहीं मरेंगे, बेरोज़गार ढूँढे नहीं मिलेंगे, बुढ़ापा नहीं सताएगा? आज के बच्चे कल के नेता जिन्हें ये ढूँढ-ढूँढ कर, पैदल या वैन में टक्कर मार-मार कर श्मशान पहुँचा रहे हैं। सबका यही हश्र होना है। इनसे आजिज़ आकर अखबार वाले मंगल को अमंगलकारी मानने को मजबूर होकर कह रहे हैं कि गति और क्रोध के ब्रेक फेल हो चुके हैं। यही आज की भयावह सच्चाई है। पब्लिक के दिल पत्थर के हो चुके हैं और दिमाग कुंद। वही पब्लिक जिसे अपनी और अपने परिवार की जान से अधिक किसी की परवाह नहीं रही। एक ज़िंदा हिन्दू आदमी जितना नुकसान अपने समूचे जीवन काल में पर्यावरण को नहीं पहुँचा पाता, उससे अधिक नुकसान तो वो मरने के बाद पहुँचा देता है क्योंकि हिंदू रीति रिवाज के तहत जब उसे जलाया जाता तो जलाने में व्यर्थ हुई लकड़ी और जलने पर बनने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड गैस - दोनों ही पर्यावरण के घोर शत्रु हैं। जो खाक बचती है वो नदियों में बहा दी जाती है - लिहाज़ा तीनों ही स्थितियाँ खतरनाक हैं। अब तो खाक होने के लिए भी कई विकल्पों के दरवाज़े खुले हुए हैं। जबकि नकली लकड़ी की खोज अभी तक वैज्ञानिक नहीं कर पाए हैं पर असली लकड़ी में मिलाने के लिए जानवरों की हड्डियों वाला देशी घी देश में बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इन दोनों को ही खरीदने पर असली नोट लगेंगे। मन की आँखें खोल रे बंदे। पर्यावरण को और ज़हरीला मत बना। अपने नेत्रदान करता जा, किसी की आँखों का उजाला बन और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी अपनाकर कम्प्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) से अपना अंतिम सफ़र पूरा कर।

## चिंतन-मनन

# इच्छाएं जीवात्मा को मोह से बांधे रखती हैं

इंद्रियां, मन और बुद्धि काम-वासना के निवास-स्थान कहे जाते हैं। इनके द्वारा ज्ञान को ढककर काम-वासना जीवात्मा को मोहित करती है। कामरूपी दुश्मन का नाश करने के लिए यह पता होना ज़रूरी है कि यह रहता कहां है। इसलिए कृष्ण कह रहे हैं कि काम-वासना किसी एक जगह नहीं रहती, बल्कि यह तो हमारे तीनों शरीरों- स्थूल, सूक्ष्म और कारण में निवास करती है।

इसकी पकड़ बड़ी मज़बूत होती है, इसलिए इसका नाश करना बड़ा मुश्किल है। मिसाल के तौर पर जब काम-वासना इन्द्रियों में जगती है, तब इन्द्रियां बेकाबू हो जाती हैं। जब यह मन में जगती है तो दूसरे काम करते हुए भी मन में काम-वासना के बारे में ही ख्याल चलते रहते हैं। ऐसे वक्ति में दिमाग में केवल काम ही भरी रहती है और बुद्धि दूसरा निर्णय नहीं ले पाती। इसलिए हमारी चेतना की मुख्य जगहों इन्द्रियों, मन और बुद्धि में जैसे ही काम अपना बसेरा डालता है, वहां से ज्ञान गायब हो जाता है। यही वजह है कि बड़े-बड़े ज्ञानियों में भी जब काम उपजता है तो वह उनके ज्ञान को ढक लेता है। काम का मतलब यहां केवल काम-वासना से ही नहीं, बल्कि हमारी अन्य कामनाओं से भी है। कामनाएं या इच्छाएं जीवन भर इंसान का पीछा नहीं छोड़तीं और इस वजह से जीवात्मा का संसार को लेकर मोह बना रहता है।

## स्वास्थ्य

# रोजाना 5 फ्लोर चढ़ने से कम होता है हार्ट अटैक का खतरा

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** हाल ही में एक अध्ययन में दावा किया गया है कि दिन में कम से कम 5 फ्लोर (लगभग 50 सीढ़ियां) चढ़ने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 20 प्रतिशत तक कम हो सकता है। अगर आप रोजाना सीढ़ियां चढ़ते हैं, तो यह आपके दिल और शरीर के लिए उतना ही फायदेमंद हो सकता है जितना दिनभर में 10,000 कदम चलना।

इस शोध में यह भी सामने आया कि जो लोग सीढ़ियां चढ़ना बंद कर देते हैं, उनमें दिल की बीमारियों का खतरा 32 प्रतिशत ज्यादा होता है। इसके अलावा सीढ़ियां चढ़ने से हड्डियां मजबूत होती हैं और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीढ़ियां चढ़ना एक प्राकृतिक कार्डियो एक्सरसाइज है, जो शरीर को गुरुत्वाकर्षण के खिलाफ काम करने पर मजबूर करती है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करती है बल्कि कैलोरी भी तेजी से बर्न करती है। विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि रोजाना 3 से 6 फ्लोर यानी लगभग 30 से 60 सीढ़ियां चढ़ना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यह आदत न सिर्फ दिल की सेहत को सुधारती है बल्कि ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायक होती है। हालांकि, यह जरूरी नहीं कि आपके घर या ऑफिस में सीढ़ियां उपलब्ध हों। ऐसी स्थिति में मॉल, अस्पताल, मेट्रो स्टेशन या एयरपोर्ट जैसी जगहों पर लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का प्रयोग करना फायदेमंद हो सकता है। जिम जाने वालों के लिए स्टेयर-क्लाइंबिंग मशीन एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

# लॉस एंजिल्स में 44 लोगों की गिरफ्तारी के बाद शहर में तनावपूर्ण स्थिति

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वार की गई छापेमारी में 44 लोगों की गिरफ्तारी के बाद शहर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। इस कार्रवाई ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया, इसके परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग के बीच कई स्थानों पर झड़पें हुईं। पुलिस अधिकारियों ने गिरफ्तारियों के विरोध में आवाज उठाने के लिए एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए फ्लैश बैंग और अन्य भीड़ नियंत्रण उपायों का इस्तेमाल किया।

आधिकारिक बयानों के अनुसार, इन छापेमारियों में 44 लोग प्रशासनिक रूप से गिरफ्तार किए गए, जबकि एक व्यक्ति को बाधा डालने के आरोप में हिरासत में लिया। हालांकि, आव्रजन अधिकार समूहों ने दावा किया कि छापेमारी सात अलग-अलग स्थानों पर हुई, जिसमें वेस्टलेक जिले में दो होम डिपो स्टोर, फैशन डिस्ट्रिक्ट में एक कपड़ा गोदाम और एक डोनट की दुकान शामिल हैं। हालांकि, इस ऑपरेशन की व्यापक आलोचना हुई, जिसमें स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्रूर और अनावश्यक करार दिया।

छापेमारी की खबर फैलते ही सैकड़ों प्रदर्शनकारी हिरासत केंद्रों और छापेमारी स्थलों के बाहर इकटठा हुए। वेस्टलेक में एक होम डिपो स्टोर के बाहर का दृश्य विशेष रूप से तनावपूर्ण था, जहां प्रदर्शनकारियों ने उन्हें आजाद करो, उन्हें रहने दो! जैसे नारे लगाए और हिरासत में लिए गए लोगों को ले जा रही वैन को रोकने की कोशिश की। कुछ स्थानों पर स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर वाहनों पर अंडे फेंके और रास्ता ब्लॉक किया।

लॉस एंजिल्स की मेयर कैरन बास ने कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, ये रणनीतियां हमारे समुदायों में भय पैदा करती हैं और शहर की सुरक्षा के मूल सिद्धांतों को बाधित करती हैं। एक आप्रवासी शहर के मेयर के रूप में, मैं इस घटना से गहरे नाराज हूं। मेयर बास ने कहा कि उनकी सरकार ऐसी कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेगी। कैलिफोर्निया के डेमोक्रेटिक सीनेटर एलेक्स पैडिला ने भी ऑपरेशन को अत्यधिक और क्रूर बताकर इसकी निंदा की।



ग्वाटेमाला में वोल्कन डी फयूगो इलाके के लोग ज्वालामुखी के निकलने वाला लावा घटने के बाद अस्थाई राहत केन्द्र छोड़ते हुए।

# ट्रंप के फिर बदले सुर बोले- रूस-यूक्रेन को कुछ समय तक लड़ने दिया जाए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब कितना झूठ बोलें या अपनी बात से मुकर जाएं, इसकी कोई सीमा नहीं है। एक फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि शायद यह बेहतर होगा कि दोनों देश कुछ समय तक लड़ते रहें। इसी बीच, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका से रूस पर दबाव बढ़ाने की अपील की है। व्हाइट हाउस में मर्ज से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा, 'उनके बीच गहरी नफरत और बदले की भावना है, ऐसे में निकट भविष्य में युद्धविराम की उम्मीद करना मुश्किल है। वे लगातार लड़ रहे हैं। जैसे खेलों में रेफरी थोड़ी देर तक खिलाड़ियों को भिड़ने देते हैं, वैसे ही कभी-कभी उन्हें थोड़ी देर तक लड़ने देना ठीक होता है।



इससे पहले उन्होंने कहा था कि वे सत्ता में आए तो युद्ध जल्दी खत्म कर देंगे। जर्मन चांसलर मर्ज ने ट्रंप से आग्रह किया कि अमेरिका को युद्ध खत्म कराने में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए और रूस पर और दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अमेरिका इस युद्ध को समाप्त करने की स्थिति में है। हम चाहते हैं कि अमेरिका रूस पर अधिक दबाव डाले।' नए प्रतिबंधों पर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने संकेत दिया कि फिलहाल तुरंत कोई फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो हम दोनों देशों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। क्योंकि एक कहावत है ङ्क ताली दो हाथ से बजती है।

इसके साथ ही, ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर मैं नहीं होता, तो रूस के साथ बहुत बुरा हो चुका होता, मेरा मतलब है बेहद बुरा। पुतिन आग से खेल रहे हैं।' यह बात ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखी। उन्होंने पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की दोनों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, 'मैं पुतिन की हरकतों से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया है।'

# नेपाल में जमीन विवाद में फंसी पतंजलि योगपीठ

**काठमांडू।** योग गुरु बाबा रामदेव की पतंजलि योगपीठ और नेपाल सरकार के बीच एक जमीन खरीद का सौदा हुआ था। अब सौदे में भ्रष्टाचार की खबरें आ रही है। इसके कारण नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी सांसदी तक गंवानी पड़ी है। नेपाल की भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी सीआईएए ने पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन यूनिफाइड सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार के खिलाफ जमीन घोटाले में आरोपपत्र दायर कर दिया है। यह मामला पतंजलि योगपीठ द्वारा जमीन खरीद में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।

यह मामला काठमांडू से करीब 40 किमी दूर काभ्रे जिले में पतंजलि योगपीठ द्वारा खरीदी गई 32 हेक्टेयर जमीन से जुड़ा है। यह जमीन योग केंद्र और हर्बल खेती के उद्देश्य से खरीदी गई थी। लेकिन जांच एजेंसी के अनुसार, माधव नेपाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक ने भूमि अधिनियम में छूट देकर अनुमति दी थी और दो माह बाद एक और फैसले से जमीन को व्यावसायिक उपयोग के लिए भी खोल दिया गया।

जांच एजेंसी ने इस फैसले को सरकारी नीति का दुरुपयोग बताया है। इतना ही नहीं दावा किया कि इससे सरकार को करीब 11.6 करोड़ भारतीय रुपये का नुकसान हुआ। नुकसान की भरपाई के लिए माधव नेपाल से राशि वसूलने की सिफारिश की गई है। इस केस में कुल 94 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिसमें पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री दंबर श्रेष्ठ, पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे और पतंजलि (नेपाल) के निदेशक सलीग्राम सिंह का नाम शामिल है।

## लैटिन अमेरिकी देश चिली में 6.4 तीव्रता का भूंकप

**वाशिंगटन।** लैटिन अमेरिकी देश चिली में फिर धरती कांपी है। उत्तरी चिली में जोरदार भूकंप आया है। 6.4 तीव्रता वाले भूकंप से देश दहल उठा। भूकंप से चिली के बुनियादी ढांचे यानी घर-मकानों को मामूली नुकसान पहुंचा है। भूकंप के कारण करीब 23,000 से अधिक घरों की बिजली गई। फिलहाल, अधिकारियों ने भूकंप के बाद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है।

यूएसजीएस यानी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार शुक्रवार करीब 11 बजे आया। यह जोरदार भूकंप 76 किलोमीटर (47 मील) की गहराई पर आया। इसका केंद्र अटाकामा रेगिस्तान के तट के पास स्थित था। हालांकि, भूकंप से लोग घरों से बाहर डरकर भागने लगे।

## आज का इतिहास 8 जून

1707 दिल्ली के तख्त के लिए शाहजादा आजम और मुअज्जम में आगरा के पास जजाऊ में लड़ाई हुई .

1762 आस्ट्रेलिया के खिलाफ रुस और प्रशा ने गठबंधन किया.

1936 भारतीय रेडियो का नाम ऑल इंडिया रेडियो रखा गया.

1948 भारत-इंग्लैंड के बीच एयर इंडिया ने पहली बार विमान सेवा शुरू की.

1990 चेकोस्लोवाकिया में 44 वर्ष में पहली बार हुए स्वतंत्र चुनावों में वाकलाव हावेल राष्ट्रपति चुने गये.

1991 पाकिस्तान में रेल दुर्घटना में 100 यात्री मारे गये, 225 अन्य घायल हो गये.

1993 नाजी अधिकृत फ्रांस में पुलिस प्रमुख रहे बास्क की हत्या हुई.

1995 वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी प्रोफेसर एन.जी.रंगा का निधन.

2000 आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व गोवा के चर्चों में बम विस्फोटों से 3 लोग घायल.

2001 मध्य कश्मीर के चरारे शरीफ परिसर में नमाज से पहले शक्तिशाली बम विस्फोट में 4 मरे व 60 घायल.

2004 122 वर्षों के बाद वीनस ने पहली बार सूर्य को पार किया.

2006 74 वर्षीय राष्ट्रपति ए.पी. जे. अब्दुल कलाम ने लड़ाकू विमान सुखोई-30 में आधे घंटे तक उड़ान भरी. उन्होंने 23,250 फीट की ऊंचाई पर 1800 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से यह सफर तय किया.

2007 दिगंबर कामत गोवा के 19वें मुख्यमंत्री बने.


2007 जी-8 के सदस्य राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन जर्मनी में संपन्न.

## प्रसंगतः लालच

रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से शीरे के बड़े-बड़े ड्रम उतारे जा रहे थे। उन ड्रमों से थोड़ा-थोड़ा शीरा मालगाड़ी के पास नीचे जमीन पर गिर रहा था। जहाँ शीरा गिरा था मक्खियाँ आकर बैठ गईं और शीरा चाटने लगीं। ऐसा करने से उनके छोटे-छोटे मुलायम पंख उस शीरे में ही चिपक गए, फिर भी मक्खियों ने उधर ध्यान न देकर शीरे का लालच न छोड़ा और काफी देर तक शीरा चाटने में ही मगन रहीं। कुछ समय बाद वहाँ एक कुत्ता भी आ गया। कुत्ते को देखकर वे मक्खियाँ डरीं और वहाँ से उड़ने की कोशिश करने लगीं, परंतु पंख शीरे में चिपक जाने के कारण वे उड़ नहीं सकीं और शीरे के साथ-साथ वे सब भी कुत्ते का भोजन बनती गईं। उसी समय उड़ते-उड़ते और कई मक्खियाँ भी उस शीरे पर आकर बैठती गईं। उन सबके पंख भी शीरे में चिपक गए और वे भी उस कुत्ते का भोजन बन गईं। उन्होंने पहले से पड़ी मक्खियों की दुर्गति और विनाश देखकर भी उनसे कोई सीख नहीं ली, जबकि वही विनाश उनकी भी प्रतीक्षा कर रहा था। यही दशा इस संसार की है। मनुष्य देखता है कि लोभ-मोह किस तरह आदमी को दुर्गति में, संकट में डालता है, फिर भी वह दुनिया के इन दुर्गुणों से बचने की कोशिश कम ही करता है। परिणामतः अनेक मनुष्यों की भी वही दुर्गति होती है, जो उन लोभी मक्खियों की हुई।

## दैनिक पंचांग

**8 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.46 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कर्क | 07.59 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.15 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.27 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.38 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.53 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.09 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.14 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.00 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.33 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मेष | 02.04 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.44 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 159 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 07.18 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 12.42 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 12.18 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.19 बजे तदनन्तर कौलव 20.29 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872369
**जूलियन दिन** 2460834.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | | रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि द्वादशी, रविवासरे, स्वाती नक्षत्रे, वल योगे, वालव करणे, तुला की चंद्रमा, प्रदोष व्रत, मृगशिरा रवि 19.54 गुरुवार विद्यारंभ आद्रा याम मिथुने गुरु 26/58 तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता, शासक-प्रशासक, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, लेखक-कवि, उत्तम प्रकृति का लोभी, दम्भी, जिद्दी-हठी, संत-महात्मा, ज्ञानी तथा परोपकारी, योगी पुरुष होगा।




मेष राशिः यात्रा व वृत्ति से लाभ, कुसंग से हानि, कुछ सहयोग रहे, पारिवारिक समाचार मिलेगा।

वृष राशिः शुभ कार्य, भूमि से हानि, सिद्धी, कभी-कभी विरोधी अडंगे करते रहेंगे, कार्य बनेंगे।

मिथुन राशिः अधिक व्यय, स्वजन कष्ट, विवाद, आर्थिक कमी का अनुभव अवश्य होगा।

कर्क राशिः हानि, रोगभय, नौकरी में कष्ट, चिन्ता, राजकार्य, मामले-मुकदमे में असंतोष।

सिंह राशिः निराशा, लाभ, कार्य में सफलता, आर्थिक सुधार आदि होगा।

कन्या राशिः शरीर कष्ट, लाभ, राजभय, उद्योग-व्यापार में अडंगे अवश्य ही आयेंगे।

तुला राशिः चोट-अग्नि भय, धार्मिक कार्य, कष्ट, व्यर्थ अनाप-शनाप खर्च से परेशानी।

वृश्चिक राशिः बाधा, उलझन, लाभ, यात्रा, कष्ट, गृहकार्य में परेशानी अवश्य रहेगी।

धनु राशिः शत्रुभय, मुकदमे में जीत, रोगभय होगा, व्यापार में सुधार, कष्ट अवश्य होगा।

मकर राशिः व्यापार में लाभ, शत्रुभय, धन सुख, सुधार, खर्च होते ही रहेंगे, ध्यान रखें।

कुंभ राशिः कलह, व्यर्थ खर्च, सफलता प्राप्त हो, विरोधी असफल रहें, व्यापार में सुधार होगा।

मीन राशिः स्वजन सुख, पुत्र-चिन्ता, धन हानि, व्यापार की स्थिति अच्छी नहीं रहे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# ब्रिटेन में खसरे ने बढ़ाई चिंता, जल्द टीके लगवाने का आदेश

**लंदन।** ब्रिटेन की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी ने शुक्रवार को इंग्लैंड में खसरे के बढ़ते मामलों को लेकर चेतावनी जारी की है। एजेंसी ने आगाह किया है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रा में बढ़ोतरी के चलते खसरे के मामलों में और तेजी आ सकती है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2025 से अब तक इंग्लैंड में 420 खसरे के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 109 मामले अप्रैल में और 86 मई में सामने आए। पूरे साल में सबसे अधिक मामले लंदन में दर्ज किए गए हैं। पिछले चार हफ्ते में भी 75 में से 35 मामले लंदन में (47 प्रतिशत) सामने आए। इन मामलों में से 66 प्रतिशत मरीज 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, जो कि चिंताजनक है।

एजेंसी ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मियों की छुट्टियों के दौरान लोग यात्रा पर निकलेंगे, खासकर विदेशों की ओर, तो खसरे का वायरस और तेजी से फैल सकता है। यह वायरस अभी भी दुनिया के कई देशों में एंडेमिक बना हुआ है। बता दें कि इस साल यूरोप के कई देशों में खसरे का प्रकोप देखा गया है, जिनमें फ्रांस, इटली, स्पेन और जर्मनी शामिल हैं. वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, रोमानिया, पाकिस्तान, भारत, थाईलैंड, इंडोनेशिया और नाइजीरिया में खसरे के सबसे अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति के सांस लेने, खांसने या छींकने से फैलता है। यह बीमारी तेज बुखार, खांसी, बहती नाक और पूरे शरीर पर लाल चकत्तों वाली त्वचा के रूप में प्रकट होती है। खसरा किसी को भी हो सकता है, लेकिन यह बच्चों में सबसे आम है। गर्भवती महिलाएं और बिना टीकाकरण वाले छोटे बच्चे इसके गंभीर परिणामों के सबसे बड़े जोखिम में होते हैं। खसरे से बचने का सबसे सुरक्षित और प्रभावी तरीका है टीकाकरण. एमएमआर वैक्सीन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है और संक्रमण को फैलने से रोकती है।

## शिमला समझौते पर पाकिस्तान का दिखा दो मुंही चेहरा पहले रक्षा मंत्री बोले मरा हुआ, अब..

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 1972 के ऐतिहासिक शिमला समझौते को 'मरा हुआ दस्तावेज' घोषित कर हलचल मचा दी। हालांकि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अगले ही दिन इस पर सफाई दी। मंगलवार को दिए एक इंटरव्यू में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, शिमला समझौता अब एक मरा हुआ दस्तावेज है। हम 1948 की स्थिति में लौट आए हैं जब संयुक्त राष्ट्र ने एलओसी पर सीजफायर घोषित किया था। उन्होंने आगे कहा कि ॐ भारत की एकतरफा कार्रवाई, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना इस समझौते को निष्प्रभावी बना चुका है।आसिफ यहीं नहीं रुके। उन्होंने संकेत दिया कि अब भारत-पाक विवादों को द्विपक्षीय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय या बहुपक्षीय मंचों पर सुलझाया जाना चाहिए।लेकिन पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की सफाई से साफ है कि सरकार, रक्षा मंत्री के बयान से खुद को अलग कर रही है। यह बयान संभवतः अंतरराष्ट्रीय दबाव और द्विपक्षीय संबंधों में अनावश्यक तनाव से बचने की रणनीति के तहत आया है।

एक वरिष्ठ पाकिस्तानी विदेश अधिकारी ने बताया कि हाल की घटनाओं के चलते इस्लामाबाद में आंतरिक चर्चा जरूर हो रही है। लेकिन अब तक भारत के साथ किसी भी समझौते को रद्द करने की कोई औपचारिक कार्रवाई नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस्फोटक दुकान और फैक्ट्री की जांच करने टीम गठित

**कटनी।** विस्फोटक अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विस्फोटक अधिनियम व नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु अनुज्ञप्ति धारियों की निर्धारित मानदंडों के अनुसार विस्फोटक दुकान और फैक्ट्री का भौतिक सत्यापन करने के लिए अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने अनुविभाग और तहसील और थानावार अधिकारियों का दल गठित किया है। निरीक्षण दल को निर्धारित प्रपत्र में एक्सप्लोसिव लाइसेंस के निरीक्षण व सत्यापन के लिए 30 बिंदु वाले प्रपत्र और आतिशबाजी की दुकान एवं अनुज्ञप्तिधारी की जांच हेतु 14 बिंदुओं वाले प्रपत्र में जानकारी भरकर प्रस्तुत करनी होगी। कटनी, विजयराघवढ़, ढीमरखेड़ा एवं बहोरीबंद अनुविभाग में जांच के लिए गठित दल में संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम,आयुक्त नगर निगम व मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पीएसपी, एसडीओपी और सीएसपी को शामिल किया गया है। तहसील कटनी, रीठी, बड़वारा, बरही, विजयराघवगढ़, कैमोर, बहोरीबंद, बाकल, स्लीमनाबाद, ढीमरखेड़ा, पानउमरिया के अंतर्गत आने वाले तहसीलदारों, थाना प्रभारी और मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को शामिल किया गया है।

### मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को केश लैस हेल्थ कार्ड की घोषणा होने पर पीएमयूएम शिक्षक संघ ने माननीय मंत्री जी का किया आभार व्यक्त



**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ लगातार 2 वर्षों से सक्रियता के साथ मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को केश लैस हेल्थ कार्ड की मांग कर रहा था जिसके के लिए संघ के द्वारा सक्रियता के साथ माननीय मंत्री जी को लगातार पत्र के माध्यम अवगत कराया जा रहा था एवं पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह के द्वारा आयोजित छात्र शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह में माननीय मंत्री जी से विशेष आग्रह भी किया था माननीय मंत्री धर्मेंद्र लोधी जी छात्र शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह के मंच से आश्वासन देते हुए केश लैस हेल्थ कार्ड दिलवाने की बात कही थी, मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को अब केश लैस हेल्थ कार्ड की सुविधा मिलने जा रही हैं तो इस उपलक्ष्य में पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांत संयोजक पवन खरे जी के द्वारा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय धर्मेंद्र भैया जी को आभार पत्र देकर आभार व्यक्त किया साथ ही दमोह जिले में शिक्षकों की समस्याओं के लिए ज्ञापन देकर अवगत करवाया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मंहगाई भत्ते के एरियर की राशि का भुगतान, क्रमोन्नति की एरियर की राशि का भुगतान, दमोह जिले में किसी भी प्रकार के एरियर की राशि का भुगतान शासन के आदेशानुसार तय समय में कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया जाता। ज्ञापन में दमोह जिला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष श्री कैलाश असाटी, कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर जिला सचिव नरेंद्र नामदेव प्रवक्ता पारस साहू मीडिया प्रभारी विजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा देवेंद्र ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा देशराज यादव, जिला संगठन मंत्री हेमेंद्र कोरी सह संगठन मंत्री गिरिजा प्रजापति, सह सचिव अजय रोहित ब्लॉक उपाध्यक्ष दमोह अनिल मिश्रा जिला सह प्रवक्ता वेदप्रकाश खरे, मयंक सोनी, बैजनाथ नामदेव, प्रमोद प्रजापति, ब्रजेश मेहरा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, दिनेश सेन, रमेश पटेल, मुकेश विश्वकर्मा, मानसिंह राजपूत, संतोष रजक, बीडी विश्वकर्मा उपस्थित रहें।

### सी एम एच ओ ने सिविल हॉस्पिटल आलोट का निरीक्षण किया

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने सिविल अस्पताल आलोट पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसूति कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र, दवाइयो के स्टोर रूम, आदि में सुधार संबंधी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रसूति कक्ष में पर्याप्त साफ स्वच्छता एवं निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# अमीरगंज में आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने किया पौधारोपण

### पौधारोपण अभियान में नागरिकगण बने भागीदार- महापौर

**कटनी।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ हुए पौधारोपण अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित निगम पार्षदों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी में रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, अमीरगंज में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त श्री दुबे एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, स्थानीय पार्षद विनोद यादव लाल, भुद्ध, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद रजनी विष्णु केवट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पार्क में विभिन्न प्रजातियों के नीम, आंवला, शीशम, गुलमोहर, कंजी, पीपल आदि के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने पार्क विकास हेतु ले आउट तैयार कर पार्क में ओपन जिम, झूले और पाथवे आदि का प्रस्ताव तैयार कराने का आदेश दिया तथा पार्क का नामकरण देवी अहिल्याबाई अमीरगंज पार्क के नाम पर किये जाने हेतु सुझाव दिया।

#### पौधा बड़ा होने तक देखभाल आवश्यक : महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए सभी से स्वच्छता के लिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करनें तथा स्वेच्छा से आगे आकर एक पेड़ मॉं के नाम अभियान में सहभागिता कर पौधारोपण करनें तथा पौधे के बड़े होने तक उसकी देखरेख करने का आव्हान किया।

#### पानी टंकी का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा निर्माणाधीन 2 लाख लीटर की पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शीघ्र ही टंकी का लोकार्पण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कहे जाने जाने पर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



#### बेहतर होगी पेयजल आपूर्ति

क्षेत्रीय पार्षद विनोद यादव ने बताया कि नवनिर्मित दो लाख लीटर की पानी की टंकी से जहां एक ओर वार्ड की जलापूर्ति और भी बेहतर तरीके से हो सकेगी वही पार्क का विकास हो जाने से स्थानीय नागरिकों के मनोरंजन एवं स्वास्थ्य गतिविधियों हेतु एक बेहतर विकसित स्थल भी मिलेगा। इन विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु क्षेत्रीय पार्षद विनोद यादव द्वारा महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर निगम उपयंत्री संजय मिश्रा, अश्विनी पांडेय, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक संजय गौतम, संतोष पांडेय, भूरे लाल यादव, छत्रपति कुशवाहा, रमेश खटीक, राम सुमन, ओमप्रकाश मातृशक्ति सिया बाई विश्वकर्मा, सीमा चौरसिया, सरला शुक्ला, मानबाई, पदमा बाई सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

# खुरई विधानसभा विकास के क्षेत्र में पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह का एक और प्रयास






### 8 करोड़ 12 लाख की लागत मूल्य से हो रहा है नगरपालिका की नवीन बिल्डिंग का निर्माण

### सर्व सुविधायुक्त युक्त होगी 4 मंजिला बिल्डिंग,

### पार्किंग, चार्जिंग के साथ लिफ्ट की होगी सुविधा

मुकेश कौशिक

**खुरई।** राजनीति के श्रैत्र में विरले ही व्यक्ति होते हैं जो मौज मस्ती से दूर रहकर जनहित के कार्यों में लीन रहकर हमेशा श्रैत्र विकास में लगे रहते हैं वह है जन,जन के चहेते देश और प्रदेश में विकास पुरुष के नाम से ख्याति रखने वाले पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह। श्री सिंह खुरई विधानसभा श्रैत्र में विकास के नाम पर अनेकों आयाम स्थापित कर चुके हैं इसी कड़ी में एक और विकास का अध्याय लिखा जा रहा है वह है सागर मार्ग बस स्टैंड के पास 8 करोड़ 12 लाख की लागत मूल्य से नगरपालिका परिषद कार्यालय की नवीन बिल्डिंग का निर्माण कार्य, जो अभी निर्माणाधीन है। यह बिल्डिंग 4 मंजिला रहकर फोर और टू-व्हीलर वाहनों के पार्किंग स्थल के साथ लिफ्ट सहित सर्वसुविधायुक्त रहेगी। जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर इस बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, श्री सिंह का हमेशा यह ध्यान रहता है कि आने वाले वर्षों में आबादी बढ़ेगी तो परिषद के वार्ड भी बढ़ेंगे, फिर पार्षदों की संख्या बल भी बढ़ेगा इसलिए ऐसी आधुनिक बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा है कि सहजता से पार्षदों के साथ सभी विभागों के अधिकारियों को बैठने की समुचित व्यवस्था रहे। जनता खुले दिल से यह मानती है कि श्री भूपेन्द्र सिंह मे श्रैत्र विकास की तड़फ अभी भी बाकी है उनके द्वारा किए जा रहे विकास के काम दर्शाते हैं कि वह खुरई विधानसभा क्षैत्र को देश में प्रथम पायदान पर ले जाना चाहते हैं, पहले जहां अन्य जनप्रतिनिधि एक दो विकास कार्यों को करवाकर हाथ पर हाथ रखकर यह रोना रोते रहते थे कि हम विपक्ष के विधायक हैं, तो एक विधायक यह राग अलापते रहते थे कि हम सत्ताधारी दल के विधायक तो है पर मंत्री नहीं। जनता यह अच्छी तरह से जानती और समझती है कि जिस प्रकार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह में लगातार क्षेत्र के विकास के प्रति जो जुनून है वह अनुपम और अद्वितीय है, देश आजादी के बाद खुरई की जनता ने जनप्रतिनिधि तो बहुत से देखें और परखे है पर श्री सिंह जैसा गरीबो,कमजोर और हर वर्ग के लोगों का उत्थान करने वाला जनहितैषी पहली बार देखा और परखा है। सभी वर्गों के लोगों का मानना है कि जनहित की कसौटी पर पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह शत प्रतिशत खरा उतर रहे है।

#### अभी नगरपालिका में सीमा में 32 वार्ड 32 पार्षद हैं

नगरपालिका परिषद की पुराना भवन पठार पर स्थित है जिसमें 32 पार्षद, सहित 6 एल्डरमैन है। कम जगह होने से नगरपालिका के विभागों के अधिकारियों को परिषद बैठक के समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इस वजह से 4 मंजिला नवीन बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा है शायद कम ही लोगों को ज्ञात होगा कि नगरपालिका में शुरुआती दौर में पार्षदों की संख्या 17,21,27, अब 32 पार्षदों की परिषद है। 21 पार्षदों की परिषद में स्वर्गीय डाक्टर मालती मौर्य ने अध्यक्ष रहते हुए नगर के तीन राजनैतिक दिग्गजों को लोहे के चने चबवा दिए थे, वह एक स्वाभिमानी महिला थी जो धन्ना सेठों की देरी पर नाक रगड़ना नहीं चाहती थी इसी वजह से उन्हें पद से हटाने के लिए तीन तिल्लगो ने यह बीड़ा उठाया था।



सागर। सागर स्थित श्री रावतपुरा सरकार धाम ( वेदांती ) में विराजमान परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी महाराज जी ( रावतपुरा सरकार ) के जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी ने सपरिवार सुखद दर्शन कर शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया! इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पूज्य श्री से आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# हत्या का आरोपी जेल की सलाखों के पीछे

### कुठला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी।** साधारण सी बात को लेकर हुए विवाद और मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की हत्या के आरोपी को कुठला पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे किया है। कुठला थाना प्रभारी ने बताया कि विगत 31 मई को दोपहर करीब 12 बजे पहरुआ मंडी गेट के सामने बख्तु उर्फ बब्बू कुशवाहा और सुरेन्द्र शर्मा के बीच गाली देने को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान सुरेन्द्र शर्मा ने बब्बू कुशवाहा को झापड़ एवं लात से मारपीट की। मारपीट में बख्तु कुशवाहा वहीं पर गिर गया और उसके बाएं कान के पीछे, सिर, बाई आंख में चोट आई, जिसे उपचार हेतु परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय में रात्रि करीब 10 बजे ले जाया गया, जहां पर उसकी रात्रि 11.40 बजे मृत्यु होने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा अस्पताल पुलिस चौकी के माध्यम से कुठला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। जिस पर कुठला पुलिस द्वारा मर्ग पंजीबद्ध कर शव का पंचनामा एवं जांच कार्यवाही की गई तथा पीएम कार्यवाही जिला चिकित्सालय से कराई गई। डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु सिर में चोट आने के कारण होना अभिमत में दिया गया। मृतक बख्तु को वृद्ध एवं शारीरिक रूप से कमजोर होना जानते हुए भी सुरेन्द्र शर्मा द्वारा हाथ, थप्पड़, लात से मारपीट कर सड़क में गिरा दिया, जिससे मृतक को सिर में घातक चोट आई, जिसके परिणाम स्वरूप बख्तु बब्बू कुशवाहा की मौत हो गई। मृतक की पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई तथा मामले के आरोपी सुरेन्द्र शर्मा निवासी पहरुआ गल्ला मंडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गेहूं रखने की निर्धारित अधिकतम सीमा में संशोधन

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि संयुक्त संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार गेहूं के व्यापार में स्टॉक की सीमा लागू करने के संबंध में भारत सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर विशिष्ट खाद्य पदार्थ पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमा और संचालन प्रतिबद्ध हटाना (संशोधन) आदेश 2025 लागू किया गया है। जिसमें 27 मई को जारी राजपत्र अनुसार 31 मई 2026 तक की अवधि के लिए गेहूं रखने की निर्धारित अधिकतम सीमा में संशोधन किया गया है।

# विकसित भारत का जो अमृतकाल है वह सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है: अभिषेक भार्गव

### भाजपा ग्रामीण की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**सागर।** आगामी कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार को धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में ग्रामीण भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला को जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा प्रदेश कार्य समिती सदस्य जाहर सिंह भाजपा नेता अभिषेक दीपू भार्गव,सोशल मीडिया प्रभारी अंशुल परिहार ने संबोधित किया!

कार्यशाला में जिला महामंत्री मितेंद्र मोनू चौहान,जिला उपाध्यक्ष दौलत यादव,जिला मंत्री प्रीतम सिंह जी,जिला मंत्री श्रीमती कीर्ति जैन मंचासीन रहीं! कार्यशाला का



संचालन कार्यालय मंत्री देवेन्द्र कटारे एवं आभार जिला मंत्री श्रीमती प्रीति जैन ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहर सिंह ने* आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपबल्धियों को सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के तहत जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करेंगे। 9 जून को डिजिटल प्रतियोगिता होगी। 9 जून को प्रदेश स्तर और 10-11 जून को जिला स्तर पर पत्रकार-वार्ताओं का आयोजन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित आयोजित किए जाएंगे। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जल संरक्षण की दृष्टि से तालाबों,पोखरों एवं कुओं आदि के संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस पर 'एक पे? मां' के नाम के तहत पौधा रोपकर उसे सहजने का काम हम सभी को करना है। जिले में प्रोफेशनल मीट और मंडल स्तर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन कर संकल्प लिया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ लोगों को मिल सके। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले 15 से 20 जून तक मंडलों में योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाए। 23 जून डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं 6 जुलाई को उनकी जयंती मनायी जाएगी। 25 जून को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष होने पर सेमिनार और लोकतंत्र सेनानी के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

# प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

### प्रेस-काउंसिल ने जारी की एडवाइजरी

**कटनी।** केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है, कुछ प्रेस संगठनों द्वारा प्रेस-परिषद शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है।

सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद शब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(पप) का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# विजयराघवगढ़ थाने के बन्दीगृह को चैक किया एसपी ने

### जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश

**कटनी।** एसपी अभिनव विश्वकर्मा द्वारा जिले में पारदर्शी एवं सशक्त कानून व्यवस्था स्थापित करने, आम नागरिकों में पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखने तथा जनसमस्याओं के शीघ्र एवं वैधानिक समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना विजयराघवगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। एसपी अभिनव विश्वकर्मा द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बंदीगृह चेक किया गया तथा बंदियों की सुरक्षा



हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी एसओपी के अनुपालन के सख्त निर्देश दिये गये, साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि बिना कारण किसी बंदी को हवालात में न रखा जाए। इसके अलावा उन्होंने थाने में संधारित आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, निगरानी, बदमाश रजिस्टर को चेक किया गया। लंबित मर्ग एवं लंबित अपराधों को देखा गया तथा लंबित मर्ग एवं अपराधों का विधि अनुरूप समयावधि में त्वरित, वैधानिक निराकरण के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक थाने में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वन टू वन चर्चा की गई तथा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने व त्वरित, वैधानिक कार्यवाही करने तथा आम जनता एवं नागरिकों से सौयता और शालीनता के साथ संवाद करने के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। औचक निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धारवे, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ एवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य पुलिस प्रशासन की पारदर्शिता जवाबदेही और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाना है।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रकृति संरक्षण एवं वसुधा श्रृंगार अभियान का शुभारंभ



**पिपरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा एवं रिछेड़ा में पौधारोपण के साथ स्मृति वाटिकाओं की स्थापना कर प्रकृति संरक्षण एवं वसुधा श्रृंगार अभियान का शुभारंभ किया। गिरते भूजल स्तर, पृथ्वी के बढ़ते तापमान, अनावृष्टि व अतिवृष्टि के साथ साथ मौसम परिवर्तन जैसी कई प्राकृतिक समस्याओं का सीधा संबंध मानव द्वारा प्रकृति से छेड़छाड़ है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए समाजसेवी संगठन सक्षम सतत विकास सेवा समिति एवं नवांकुर संस्था मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति के संयुक्त प्रयासों से इस अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। जोकि वर्ष भर चलाया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष आशीष शर्मा ने युवाओं से अपने व अपने परिवार की किसी विशेष स्मृति जैसे जन्मदिवस, विवाह अथवा वर्षगांठ, पुण्य तिथि इत्यादि यादों को प्रकृति के साथ पौधारोपण के माध्यम से संजोने एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करने का आवाहन किया। यह पौधारोपण निजी अथवा सुरक्षित सामुदायिक भूमि पर कर संतान की तरह संरक्षित करें एवं यदि आपके पास सुरक्षित स्थान नहीं है तो हमारी टीम से से संपर्क कर इन स्मृति वाटिकाओं में पौधारोपण करवा सकते हैं। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच जितेंद्र नागवंशी, सचिव गणेश प्रजापति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिछेड़ा एवं बीजनवाड़ा अध्यक्ष संजू पुर्विया व शंकरलाल वर्मा, संयुक्त सचिव सरिता डागौर, मनीराम एवं ग्रामीणजन इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### माँ तुझे प्रणाम अनुभव यात्रा में चंबल संभाग ने किया पचमढ़ी भ्रमण




**पिपरिया।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा माँ तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत चंबल संभाग से 50 युवाओं के दल ने पचमढ़ी का भ्रमण किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा माँ तुझे प्रणाम यात्रा के अंतर्गत युवाओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक स्थलों का परिचय कराने के लिये अनुभव यात्रा का आयोजन किया जाता है। दल के पचमढ़ी पहुंचने पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल ने दल का स्वागत किया। दल के साथ नरेंद्र सिंह तोमर, जितेंद्र शुक्ला, डेलन सिंह, अनिल श्रीवास्तव, सुदर्शन आर्य, नारायण प्रसाद यादव, अमन लोदवाल सहित युवा उपस्थित रहे। दल को पचमढ़ी में वायसन लाज, महादेव मंदिर, जटाशंकर मंदिर, पांडव गुफा, राजेंद्र गिरी, हांडी खो, इंदिरा प्रियदर्शिनी सहित अन्य दर्शनीय एवं पौराणिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। युवा अनुभव यात्रा से उत्साहित हुए एवं खेल युवा कल्याण विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन का यात्रा के लिये आभार माना। भ्रमण में समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण प्रीतम सिंह पुर्विया, समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण बनखेड़ी देवेंद्र उरहा, खेल शिक्षक संतोष यादव ने सहयोग किया।

### मोहगांव चौकी के ग्रामीणो ने पेयजल व्यवस्था की मांग



**पिपरिया।** ग्राम मटकुली पंचायत के मोहगांव चौकी के ग्रामीणो ने आदिवासी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संध्या शाह के नेतृत्व में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम् से मांग कि ग्राम पंचायत मटकुली के ग्राम चौकी में आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते है। उक्त ग्राम में 3 वर्ष पूर्व से पेयजल व्यवस्था ठप्प है। एक हेण्ड पंप था वह भी बंद है और पेयजल के लिए ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीण अन्य ग्रामों से पीने का पानी लेकर आते है। उक्त विकट समस्या का निदान करने हेतु पुनः हेण्ड पंप चालू किया जाये अथवा अन्य हेण्ड पंप खनन कर पेयजल की उचित एवं शीघ्र व्यवस्था की जावे अन्यथा मजबूर होकर ग्रामीणों को आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जबावदारी जिम्मेदारी विभाग एवं शासन प्रशासन की होगी। उपरोक्त तथ्यों के प्रकाश में आवेदन पत्र स्वीकार कर पेयजल की उचित एवं शीघ्र व्यवस्था की जावे ऐसा निवेदन है। इस दौरान कमलेश उईके, किशन कुवरे, राकेश भलावी, कैलाश, हीरालाल, लक्ष्मण उईके सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# किसान अपने आपको समृद्ध करें, नई-नई तकनीक से खेती करें, प्रधानमंत्री मोदी जी के सपने को साकार करें: सांसद दमोह श्री लोधी

### किसान तरक्की करेंगे तो प्रदेश तरक्की करेगा, देश तरक्की करेगा-राज्यमंत्री श्री पटेल

### विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत सकतपुर में कार्यक्रम सम्पन्न

### राज्य मंत्री श्री पटैल एवं सांसद श्री लोधी ने उड़ाया ड्रोन



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत सकतपुर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम सकतपुर में क्षेत्र के किसानो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्नत खेती एवं विकसित भारत के लिए कृषि वैज्ञानिको ने किसानों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने खेती में उपयोग होने वाले ड्रोन को उड़ाकर दवा के छिड़काव का कैसे किया जाता है देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा किसान खेती को लाभ धंधा बनाए। खेती में किये जा रहे कार्य, बीज, फसल उत्पादन, फसल बेचकर खर्चे सहित अन्य सभी का हिसाब किसान भाईयों को अवश्य रखना चाहिए, डायरी में नोट करना चाहिए ताकि किसान को पता चले उसे अगले वर्ष कितना मुनाफा-नुकसान हुआ, बचत-खर्चे का अंदाजा लगाया जा सके। उन्होंने कहा किसानों को खेती का व्यवसायीकरण करना चाहिए इससे किसान को ही फायदा होने वाला हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा खेती मत बेचना आने वाले समय मे केन-बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से किसानों को सिचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा, फसल की पैदावार अच्छी होगी जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, किसान तरक्की करेंगे तो प्रदेश तरक्की करेगा, देश तरक्की करेगा। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत वैज्ञानिक लैब से निकलकर गांव में किसानों के बीच पहुंच रहे हैं। उन्नत खेती के लिए शोध और अनुसंधान से कैसे उन्नत खेती और उत्पादन को बढ़ाया जा सके वैज्ञानिक किसान भाइयों को अवगत कराने का काम रहे हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा मेरा सभी किसान भाइयों से आग्रह है आप सभी इसका लाभ अवश्य उठाए, अपने आपको समृद्ध करें, नई-नई तकनीक से खेती करें, प्रधानमंत्री मोदी जी के सपने को साकार करें। विकसित भारत का रास्ता विकसित खेती से होकर ही जाता हैं। किसान मज़बूत होंगे, तो गांव मज़बूत होंगे। गांव मज़बूत होंगे, तो देश मज़बूत होगा। उन्होंने कहा इस अभियान के तहत 12 जून तक वैज्ञानिक आपके गांव जाएंगे और आपसे चर्चा करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी वैज्ञानिक प्रमुख केवीके दमोह डॉ मनोज कुमार अहिरवार ने कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया, डॉ डीपी सिंह ने कृषकों की समस्या का समाधान किया । वैज्ञानिक कीट विज्ञान जबलपुर डॉ आर एस मरावी ने कीट नियंत्रण , डॉ यू एस चंदेरिया ने फसलों के रोगों के बारे में जानकारी दी। सहायक संचालक कृषि शंकर लाल कुर्मी ने मृदा परीक्षण के बारे में, सहायक संचालक उद्यान एस कुमार सिंह ने उद्यानिकी फसलों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में किसान मित्र छड़ी (जमीन पर रेंगने वाले जीवो सांप इत्यादि से सुरक्षा हेतु) का प्रदर्शन किया गया। साथ ही ड्रोन पायलट दीपक पटेल ने ड्रोन का लाइव प्रदर्शन किया। उप-संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया आज 07 जून को पथरिया के ग्राम सेमराबुजुर्ग, ममरखा, बटियागढ़ के मोठा, सकतपुर, पटेरा के पटनाकुमारी, कुलुआ, जबेरा के दुगानी में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा अभियान के तहत कृषको को जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कल 08 जून 2025 को दमोह के ग्राम बिलाई, आंकखेड़ा, पथरिया के खेजराकलां, इमलीजोग, हटा के देवरीफतेहपुर, चकरदा, तेन्दूखेड़ा के पुरा करौंदी, हरदुआ में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

## भाईचारे के साथ मनाया गया ईदउल अजहा का त्यौहार




**मैहर।** मुस्लिम भाइयों का त्यौहार ईद उल अजहा शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस त्यौहार के मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमापति गौतम एवं पूर्व पार्षद चूड़ामणि बढ़ोलिया ने स्थानीय ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर मुबारकबाद दी। ईदगाह में मौजूद नमाजियों से मुलाक़ात कर नेताओं ने देश और समाज में अमन शांति भाईचारा के पैग़ाम को आगे बढ़ाने कि अपील की। इस अवसर पर प्रभात द्विवेदी ने कहा कि ईद.उल.अज़हा कुर्बानी और मालिक की राह में समर्पण का प्रतीक है जिसे मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे तहे दिल से मनाते हैं। और ऐसे पर्व समाज में परस्पर सद्भाव और एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

## इको क्लब सांडिया द्वारा की गई पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां



**पिपरिया।** 52 वे विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत इको क्लब प्रभारी सारिका घारू ने पौधारोपण करके इस पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमलोगों को और अधिक विचार करने की आवश्यक्ता बताई । शासकीय उ मा विद्यालय सांडिया के प्राचार्य विनय मोहन शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित गतिविधि के अंतर्गत सारिका ने बताया कि पहला विश्व पर्यावरण दिवस 1973 में 5 जून को मनाया गया था। इस वर्ष की थी बीट प्लास्टिक पॉल्युशन निर्धारित की गई थी । इसमें विद्यार्थियों को एक नई डिजिटल टूल्स के द्वारा प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण साक्षरता का प्रयास किया जा रहा है । इको क्लब की गतिविधि के अंतर्गत पौधारोपण करके तथा पूर्व में लगे पौधों का रखरखाव करके पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बावड़ी पूजन एवं पौधरोपण




**मैहर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मैहर के तत्वाधान में नवांकुर संस्था, स्वैक्षिक संगठनों एवं नगर पालिका परिषद की सहभागिता से बाबा तालाब मैहर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, पार्षद, एसडीएम विकास सिंह, सीएमओ एवं स्वैक्षिक संगठनों के प्रतिनिधि, सफाई मित्र स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहकर पौधरोपण में भाग लिया। साथ ही बड़ी माई मंदिर में प्राचीन बावड़ी का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महेश तिवारी, मनोज शुक्ला, दीप्ति सिंह, अंजू पांडेय, शशि मिश्रा, अजय मिश्रा, अजय गुप्ता, रोहित शुक्ला, राजेंद्र सिंह, कल्पना सिंह, शिवकुमार पटेल एवं सुमित बड़गइयां की उपस्थिति रही।

## हर्षोउल्लास के साथ मना ईदुज्जहा पर्व





**पिपरिया।** ईदुज्जुहा पर्व को मनाने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग नगर के मंगलवारा बाजार स्थित जामा मस्जिद में एकत्रित हुए। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जामा मस्जिद से शोभापुर रोड स्थित ईदगाह तक जुलूस निकाला। प्रातः 8.30 बजे इमाम साहब ने शोभापुर रोड आनंद बाग स्थित ईदगाह में नमाज अदा करायी। वही जामा मस्जिद, बिलाल मस्जिद व मदीना मस्जिद के इमामो ने तय समय में नमाज अदा कराई। नमाज के बाद सामूहिक दुआ में पेशइमाम ने अल्लाह से हिन्दुस्तान और शहर की सलामती ,खुशहाली ,अमन, चैन, शांति व विकास हेतु दुआ मांगी। वही ईदगाह से मुस्लिम समुदाय जुलूस लेकर निकला जिसका स्वागत कांग्रेस कमेटी के शरद चौधरी, सतीश कटकवार, हरीश बेमन ,अमित वर्मा, सुनील ठाकुर, चिंकू साहू ने शोभापुर रोड वही मंगलवारा चौक पर विधायक ठाकुर नागवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, पूर्व जिला दिशा निगरानी समिती सदस्य अरविंद राय, राजेन्द्र उपाध्याय, डॉक्टर सलीम खान मंसूरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा इरफान खान ,गिरधर मल्ल, जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास दुदानी, लखन आनंदानी, इरफ ान खान, मनोज शर्मा, रवि राज, मनोज पाल सहित पदाधिकारियो ने मुस्लिम भाईयो को गले लगाकर बधाई दी। मुस्लिम समुदाय के सदर ने नगरपालिका, एसडीएम, पुलिस प्रशासन सहित प्रशासनिक अधिकारियों का मंच से बेहतर व्यवस्था के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि कुर्बानी की फोटो कोई भी सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें। वही विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने मुस्लिम बंधुओं को ईद की बधाई देते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य की मेरा जन्म इस नगर में हुआ है जिसकी पहचान गंगा जमुनी तहजीब के ऊपर कही जाती है जहां सभी समुदाय के लोग अपने.अपने पर्व मिल जुलकर एक दूसरे को बधाई दे कर मनाते हैं।

### जैन मंदिर में सामूहिक णमोकार मंत्र का जाप हुआ



**पिपरिया।** जैन समाज के द्वारा निर्दोष मूक पशुओं की सदगति और आत्मशांति के नगर के जैन मंदिर में सामूहिक णमोकार मंत्र का जाप किया जा रहा है। निर्दोष मूक पशुओं की सदगति और आत्मशांति हेतु पूरे देश भर के जैन समाज द्वारा मंदिरों में सामूहिक णमोकार मंत्र का जप 7 जून को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर के जैन समाज द्वारा मंगलवारा जैन मंदिर में सामूहिक पाठ हुआ जिसमें धर्मप्रेमी बन्धु उपस्थित रहे।

## जोगीदण्ड गुफा में स्थित अद्भुत शिवलिंग प्रकृति करती हर मौसम में हर पल अभिषेक



**दमोह।** जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर एवं हटा तहसील मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर दमोह जिला व हटा तहसील और अनुविभाग का अंतिम गांव चौरईया की जंगल व पहाड़ियों पर बराना नदी के किनारे जोगी दण्ड गुफा है, विडम्बना यह है कि गुफा तक पहुंचने के लिए कोई सीधा मार्ग न होने के कारण छतरपुर जिला के लुहरपुरा गांव होकर पुनः जिला की सीमा में प्रवेश करना करना पडता है, जिसके कारण अधिकांश लोग इसे छतरपुर जिला की सीमा में मानते है। जोगीदण्ड गुफा वन विभाग, बफर जोन पन्ना रिजर्व टाइगर की जमीन पर जंगल के बीचोंबीच एक पहाड़ पर स्थित है, गुफा के प्रवेश स्थल पर पहाड़ एक छतरी आकार में कटा हुआ है, यहां दो गुफाएं है एक गुफा में मानव का प्रवेश संभव नही है, वही दूसरी गुफा में करीब सात सौ से आठ सौ मीटर की दूरी पर एक अद्भुत शिवलिंग है। पाषाण का बना यह शिवलिंग करीब पांच फुट का है, इस शिवलिंग के ठीक ऊपर पहाडी पत्थर का गौथन आकार है, जिसमें से सदैव जलधारा बूंद बूंद इस शिवलिंग पर गिरती है, जो पूर्णतः प्राकृतिक है, गुफा के अंदर तक पहुंचने के लिए भक्तों को टार्च आदि लाइट का सहारा लेना पडता है, यहां आज तक कोई भी भौतिक संसाधन की सुविधा नहीं है। जंगल के बीचोंबीच होने के कारण इन गुफाओं में यदाकदा जंगली जानवरों का भी डेरा बना रहता है। कमजोर हृदय वालों को यहां जाना वर्जित है। यदि इस स्थान को आ धु नि क सुविधाओं सहित विकसित किया जाता है तो बफर जोन के पर्याटकों को एक दर्शनीय एवं तीर्थस्थल से जोडा जा सकता है। जहां प्राकृति और पर्यावरण का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। आसपास के लोग यहां दर्शनार्थ के साथ साथ पिकनिक मनाने आते है, सावन के माह में एवं शिव जी से जुड़े पर्वो पर यहां भक्तों की भीड़ उमडती है। यहां पर नागा संत फलहारी बावा विगत कई वर्षो से अपना डेरा डाले हुए है, यहां शिवार्चन के साथ साथ भगवत कथा जैसे आयोजन भी भक्तों के द्वारा आयोजित किये जाते है।

### दुर्गम रास्ता नहीं रोक पाता भक्तों की आस्था को-

आज भारत ने जहां अटल टर्मिनल जैसे का निर्माण कर असंभव को संभव कर दिया है, वहीं जन प्रतिनिधियों की जानकारी से दूर इस अनूठे धार्मिक स्थल तक पहुंचने के लिए भक्तों को कठिन मार्ग से होकर जाना पडता है। चौरईया के पास वाले इस स्थल तक पहुंचने के लिए बराना नदी को पार करते हुए उबड खाबड मार्ग से जाना पडता है। दुर्गम रास्ता भी भक्तों की आस्था को रोक नहीं पाता है, श्रद्धालु दर्शनार्थ गुफा तक पहुंच ही जाते है। पर्याटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्याटन राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जोगीदण्ड जैसे अद्भुत स्थल के बारे में अभी तक किसी ने बताया नहीं जानकारी संग्रहित करके वहां विकास की पहल की जायेगी।

## श्री विद्या विराग महिला जैन मिलन शाखा का हुआ गठन



**दमोह।** स्थानीय सदगुवां जैन मंदिर में श्री विद्या विराग महिला मंडल द्वारा प्रत्येक माह श्री भक्तामर पाठ का आयोजन किया जाता हे, इसी क्रम में भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया ाएवं एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे महिला जैन मिलन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्तिथि रही बैठक के दौरान सदगुवां जैन मंदिर की महिलाओ से जैन मिलन शाखा के गठन पर चर्चा हुई। जिसमे उपस्थित महिलाओ द्वारा मिलन की शाखा गठन की सहमती प्रदान की एवं 'महिला जैन मिलन शाखा का गठन किया गया और शाखा का नाम श्री विद्या विराग महिला जैन मिलन शाखा सदगुवां मंदिर रखा' गया। मिलन की सभी सदस्यों ने मिलन के उद्देश्य अनुरूप कार्य करने की बात कही 'महिलाओ ने निर्णय लिया की धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों के साथ नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, और असहाय लोगो की मदद करने जैसे सामाजिक सरोकार के कार्य मिलन की समस्त महिलाये इस शाखा के माध्यम से करती रहेंगी।' भक्तामर के पश्चात् धार्मिक थीम पर आयोजित गतिविधियों के विजेता को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरुस्कार प्रदान किये गए एवं अंत में आभार प्रदर्शन हुआ। अवसर पर महिला जैन मिलन के पदाधिकारियों और श्री विद्या विराग महिला सदगुवां जैन मंदिर की महिलाओ की उपस्थिति रही।

## सागर से आये आयकर अधिकारी ने संसोधन ई-फाइलिंग संबंधी जानकारी दी

**दमोह।** आयकर विभाग दवारा करदाताओं को कर कानूनों की सटीक जानकारी प्रदान करने एवं कर प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विभिन्न जागरूकता अभियान (आउटरीच प्रोग्राम) संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दमोह में स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयकर अधिवक्ताओं, चार्टर्ड एकाउंटेंटस एवं कर सलाहकारों एवं कुछ नियोक्ताओं को संबोधित करते हुए आयकर अधिकार सागर श्री मुदित जैन ने अन्य कई संशोधनों, ई फाइलिंग में क्या सावधानी रखे, एवं आयकर दाताओं के दायित्वो के बारे में जानकारी देते हुए आयकर अधिनियम की धारा 80ळळब् के अंतर्गत संदिग्ध, गलत कटौतियों से संबंधित मामलों में करदाताओं के नियोक्ताओं को कर-जागरूकता बढाने एवं विभागीय नीतियों, नवीन प्रक्रियाओं तथा पोर्टल से संबंधित जानकारी प्रदान की। विभाग को बोर्ड द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर ऐसे नियोक्ताओं की सूची तैयार की गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### अगस्त से सोगरिया-दानापुर स्पेशल में सभी श्रेणियों के कोच

**अब एसी-इकोनॉमी के साथ स्लीपर व सामान्य डिब्बे भी**

**भोपाल।** यात्रियों की बढ़ती जरूरतों और फीडबैक को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 09819/09820) की कोच संरचना में बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। अब तक यह ट्रेन गरीब रथ स्पेशल के रूप में केवल एसी इकोनॉमी डिब्बों के साथ चलाई जा रही थी, लेकिन 4 अगस्त 2025 से इसमें सभी श्रेणियों के कोच शामिल कर दिए जाएंगे। इससे हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी, खासतौर पर उन्हें जो स्लीपर या सामान्य श्रेणी में सफर करना चाहते थे लेकिन सीटें उपलब्ध नहीं होने के कारण वंचित रह जाते थे। नई रेक व्यवस्था के साथ यह ट्रेन 5 अगस्त से अगले आदेश तक संचालित होगी।

यह गाड़ी सोगरिया से चलकर बारां, रुठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर और सतना होते हुए दानापुर पहुंचेगी। इन रूटों पर यात्रा करने वालों को अब अधिक सीट विकल्प और कंफर्म टिकट की बेहतर संभावना मिलेगी। भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि एलएचबी कोच पारंपरिक कोचों की तुलना में अधिक सुरक्षित, तेज और आरामदायक होते हैं। इसके अलावा इनमें बर्थ की संख्या भी अधिक होती है, जिससे प्रतीक्षा सूची वालों को सीट मिलने की संभावना बढ़ जाती है। यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है और भविष्य में भी मांग के अनुसार सुविधाओं में सुधार किया जाएगा।

### फर्जी आईडी से रेल यात्रा करना अब पड़ेगा भारी

**यात्रियों की पहचान के लिए टीटीई को और ज्यादा अधिकार दिए गए**

**भोपाल।** ट्रेन में फर्जी आईडी के सहारे यात्रा करना अब भारी पड़ेगा। भारतीय रेल नकली पहचान पत्र के जरिए यात्रा करने वालों पर शिकंजा कसेगा। ट्रेन में सवार यात्रियों की पहचान के लिए टीटीई को और ज्यादा अधिकार दिए गए हैं। इसी कड़ी में अब एम आधार एप से यात्रियों की पहचान की जाएगी यात्रियों की पहचान टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) एम आधार एप से करेंगे।

दरअसल कई बार दूसरों की आईडी या नकली पहचान पत्र के जरिए कई यात्री, यात्रा करते मिले थे। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए एम आधार नाम के मोबाइल एप का इस्तेमाल होगा। इस एप के माध्यम से यात्रियों के आधार कार्ड की पहचान होगी। फर्जी आईडी के जरिए यात्रा करने वाले यात्रियों को अब रेलवे पुलिस के हवाले किए जाएगा। चलती ट्रेन में बिना इंटरनेट के भी एप काम करेगा।

### मुरैना का 64 योगिनी मंदिर जल्द बनेगा विश्व धरोहर

**अस्थाई सूची में हुआ शामिल; भारत मंडपम कार्यक्रम में रखा था प्रस्ताव**

**भोपाल।** मुरैना के मितावली स्थित प्राचीन 64 योगिनी मंदिर को विश्व धरोहर की अस्थाई सूची में शामिल किया गया है। इकत्तरसो महादेव मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध इस स्मारक को जल्द ही विश्व धरोहर का दर्जा मिल सकता है। जिला पुरातत्व अधिकारी डॉ. अशोक शर्मा के अनुसार, दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत मंडपम कार्यक्रम में 162 देशों के प्रतिनिधियों के समक्ष भारत सरकार ने इस मंदिर को विश्व धरोहर की स्थायी सूची में शामिल करने का प्रस्ताव रखा था।

विश्व धरोहर की सूची में शामिल होने के बाद मंदिर के रखरखाव में व्यापक बदलाव किए जाएंगे। मंदिर तक पहुंचने के लिए हाईवे जैसी सड़क बनाई जाएगी। सुरक्षा के विशेष इंतजाम होंगे और पर्यटकों के लिए कैंटीन व वॉशरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुरैना शहर से 35 किलोमीटर दूर मितावली गांव की पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अपने गोलाकार आकार के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि भारत की पूर्व संसद का आकार इसी मंदिर से प्रेरित है। तांत्रिक पीठ के रूप में भी विख्यात इस मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि रात के समय यहां कोई पक्षी नहीं रहता।

### सेनाओं के शौर्य को समर्पित सिंदूरी अक्षर कवि सम्मेलन

**9 जून को देशभक्ति की कविताओं से गूंजेगा रविंद्र भवन**

**भोपाल।** देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों और जननायकों के शौर्य को शब्दों का सलाम देने के लिए आगामी सोमवार, 9 जून को राजधानी भोपाल स्थित रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में सिंदूरी अक्षर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कवि सम्मेलन सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित कवि वीर रस और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

# वीएनएस ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने पर्यावरण स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया







**भोपाल।** वीएनएस ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल के सहयोग और प्रायोजित रूप से पर्यावरण स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि और वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित पर्यावरणविद् श्रीमती सुनंदा सिंह रघुवंशी उपस्थित रहीं। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और 3पी प्रैक्टिस - संरक्षित, सुरक्षित और बढ़ावा देने की अवधारणा पेश की। उन्होंने हरित गृह को अपनाने, पानी के कुशल उपयोग जैसे व्यावहारिक विचारों से श्रोताओं को प्रेरित किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्यावरण परिवर्तन की यात्रा व्यक्ति से शुरू होती है। श्रीमती रघुवंशी ने प्रबंधन से हरित पहलों का नेतृत्व करने और उन्हें बनाए रखने के लिए संस्थान के भीतर एक ईको-आर्मी स्थापित करने का आग्रह किया।

परिसर में एक पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती रघुवंशी, समूह निदेशक डॉ. डी.के. स्वामी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 50 से अधिक पौधे लगाए गए, जो एक हरित भविष्य की ओर एक कदम का प्रतीक है। इसके अलावा, स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें 100 से अधिक उत्साही छात्रों ने भाग लिया और स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता के संदेश को मजबूत किया।

इस कार्यक्रम में डॉ. रमाकांत अग्रवाल (प्रधानाचार्य, इंजीनियरिंग), डॉ. विपिन धोटे (प्रधानाचार्य, फार्मेसी), डॉ. सुलक्षणा तिवारी (प्रधानाचार्य, प्रबंधन), डॉ. अनिल खंडेलवाल (उप प्राचार्य, इंजीनियरिंग), डॉ. एस.के. पांडे (वरिष्ठ प्रोफेसर) और पूरी फैकल्टी टीम सहित प्रमुख शैक्षणिक नेताओं की सक्रिय उपस्थिति देखी गई, जिसने पर्यावरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाया।

समारोह का समापन एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने की शपथ के साथ हुआ, जो स्थायी प्रथाओं के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पूरे कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. अमन तिवारी के साथ-साथ समिति के सदस्यों डॉ. रश्मि, प्रो. सुषमा, प्रो. शुभम, प्रो. वैभवी और प्रो. हर्षवर्धन ने सफलतापूर्वक किया, जिनके प्रयासों से कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ।

# पुर-खुलूस अंदाज में मनाया गया ईद-उल-अजहा, ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में नमाजियों ने अदा की नमाज

### मुल्क की सलामती, इंसाफ और फिलिस्तीनी लोगों की हिफाजत के लिए उठे हाथ



**भोपाल।** इस्लामी महीने जिल हिज्ज की 10 तारीख को शनिवार को ईद-उल-अजहा मनाई गई। राजधानी भोपाल में सुबह ही भोपाल के ईदगाह सहित शहर की सभी मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क और फिलिस्तीन के लिए दुआ की। ईदगाह में शहरकाजी मुश्ताक अली नदवी, ताजुल मसाजिद में मौलाना हस्सान साहब ने नमाज पढ़ाई। नमाज के दौरान मुल्क की सलामती, इंसाफ के कयाम और बीमारों की शिफा, फिलिस्तीनी भाइयों की हिफाजत, उनकी भूख-प्यास और हालात को लेकर दुआ मांगी गई।

शहर की मोती मस्जिद, जामा मस्जिद, मस्जिद बिल्किस जहां (आरिफ नगर) सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी अपने निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने अमनो अमान और अच्छी बारिश के साथ ईद की नमाज का समापन किया। शहरकाजी मुश्ताक अली नदवी और ताजुल मसाजिद में मौलाना हस्सान साहब ने सूफियों, ऋषि-मुनियों और बुजुर्गों की मोहब्बत वाली राह पर चलाने की दुआ मांगी। मुल्क में अमन-ओ-शांति और इंसाफ कायम हो, इसकी दुआ की गई। मुल्क की सरहदों और सलामती के दुश्मनों से हिफाजत की दुआ मांगी गई। बीमारों को शिफा और परेशान हाल लोगों को राहत देने की इल्तिजा की गई। फिलिस्तीन में जुल्म झेल रहे मासूमों, भूख-प्यास से जूझ रहे बच्चों और औरतों की राहत के लिए दुआ की गई। दुश्मनों के नेस्तनाबूद होने और मजलूमों को सब्र और राहत मिलने की कामना की गई उलेमा-ए-इकराम, सूफियों, ऋषियों और बुजुर्गों की तरह मोहब्बत और प्रेम से जीने की खता (तौफीक) फरमा। मुल्क में अमन, इंसाफ और भाईचारा कायम रहे। मजलूमों को सब्र और पूरी दुनिया में इंसानियत को फतह हासिल हो। शहर काजी नदवी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम का एक अहम फर्ज है, लेकिन इसे सलीके और सलीम तरीके से अंजाम देना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कुर्बानी के स्थान को चारों ओर से ढंका जाए, सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और प्रशासनिक नियमों का पालन किया जाए।

# केन्द्र सरकार ने भेजा पत्र... अब कलेक्टर कराएंगे जांच

### 123 फर्जी वेबसाइट से जनता हो रही ठगी का शिकार

### केंद्र शासन ने मप्र सरकार को लिखा पत्र, अब जिले में चलाई जाए जागरूकता मुहिम

**भोपाल।** पूरे देश में 123 फर्जी वेबसाइट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र व जरूरतमंद लोगों को ठगा जा रहा है। सरकारी दस्तावेज बनाने के लिए इन वेबसाइट के माध्यम से फर्जी कार्ड बनाकर हजारों रुपए गरीबों से वसूले जा रहे हैं। केंद्र शासन ने मध्यप्रदेश सरकार को पत्र लिखकर इस तरह की धोखाधड़ी रोकने के लिए जागरूकता मुहिम चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। आए दिन कलेक्टर ऑफिस में भी फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले भी सामने आते हैं। सरकारी कार्यालय में जिन दस्तावेजों के लिए नाममात्र का शुल्क वसूला जाता है या कोई सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है उनके लिए जल्दी काम करवाने के नाम पर फर्जी वेबसाइट के माध्यम से फर्जी प्रमाण पत्र धड़ल्ले से बनाए जा रहे हैं। फर्जी अंकसूची, डिग्री और जाति प्रमाण पत्र के बाद अब जन्म-मृत्यु पंजीयन में भी फर्जीवाड़ा सामने आने लगा है। सरकार ने जहां एकमात्र वेबसाइट के माध्यम से पूरे देशभर में होने वाले जन्म और मृत्यु के पंजीयन की व्यवस्था की है, वहीं 123 फर्जी वेबसाइट भी इस तरह के पंजीयन कर लोगों से खुलेआम ठगी करती आ रही हैं। हाल ही में इंदौर लोकसेवा केंद्र में भी कुछ आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बने होने के बावजूद सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद परीक्षण में उक्त फर्जीवाड़ा भी सामने आया था।

#### नहीं मिलता योजनाओं का लाभ

फर्जी वेबसाइट के माध्यम से जारी होने वाले जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर जब इन प्रमाण पत्र का परीक्षण किया जाता है तो वह फर्जी पाए जाते हैं, जिसके चलते सरकार की किसी भी योजना का लाभ संबंधित को नहीं मिल पाता है। आर्थिक एवं सामाजिक संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा भारत शासन से प्राप्त पत्र के आधार पर सभी जिलों को इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए हैं।

# मप्र में कोरोना संक्रमित महिला की मौत

### ऑपरेशन के दौरान 9 माह की गर्भवती की बिगड़ी थी हालत

**भोपाल।** मप्र में कोरोना संक्रमण से दूसरी मौत की खबर सामने आई है। यह घटना खरगोन जिले की 45 वर्षीय महिला के साथ हुई, जो इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती थी। महिला 9 महीने की गर्भवती थी और उसकी डिलीवरी के दौरान सांस लेने में तकलीफ के चलते मौत हुई।

गुरुवार को, सिजेरियन डिलीवरी के ऑपरेशन के दौरान महिला को अचानक दौरे पड़ने लगे। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए, उसे तुरंत सांस लेने में मदद देने वाली मशीन पर रखा गया। हालांकि, उसकी स्थिति लगातार गंभीर होती गई और उसकी मौत हो गई। बाद में जब उसकी कोरोना आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट आई, तो वह पॉजिटिव पाई गई। हालांकि, इंदौर के जिला स्वास्थ्य विभाग ने महिला की मौत का मुख्य कारण कोरोना संक्रमण नहीं, बल्कि सिजेरियन डिलीवरी के दौरान आईं जटिलताओं को बताया है।

#### प्रदेश में कोरोना की स्थिति

वर्तमान में, मध्य प्रदेश में कोरोना के 3 नए मामले दर्ज किए जाने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 53 हो गई है। वहीं, प्रदेश में सक्रिय मामलों (एक्टिव केस) की संख्या अब 32 है। इससे पहले, प्रदेश में कोरोना से पहली मौत का मामला 21 अप्रैल को इंदौर में ही सामने आया था। उस समय, कोविड संक्रमण के दो नए मामले मिले थे, जिनमें एक युवक और एक बुजुर्ग महिला शामिल थीं। दोनों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। दोनों मरीजों को पहले से ही अन्य गंभीर बीमारियां थीं। इनमें से बुजुर्ग महिला की हालत ज्यादा गंभीर थी, और उनकी मृत्यु हो गई थी।

#### भोपाल में कुल 9 केस

कोविड-19 डैशबोर्ड पर राजधानी भोपाल में तीन कोरोना केस दर्ज थे। हालांकि, राजधानी के सीएमएचओ (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) डॉ. प्रभाकर तिवारी का कहना है कि भोपाल में कुल तीन नहीं, बल्कि अब तक 9 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल में 1, मई में 3 और जून में 5 पॉजिटिव केस मिले हैं। वर्तमान में भोपाल में 4 सक्रिय मामले हैं, जिनमें से एक मरीज अन्य गंभीर बीमारियों के चलते अस्पताल में भर्ती है।

#### इंदौर में 38 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले

इंदौर में इस साल अब तक 38 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इनमें से 8 मरीज बाहर के हैं। अभी तक जिन लोगों की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है, वे या तो दूसरे शहर, राज्य से लौटे या फिर बाहर से इंदौर आए लोगों के संपर्क में आए थे। इनमें यूके, सिंगापुर, गोवा, दिल्ली, केरल, रायपुर, पुणे, मुंबई, अहमदाबाद आदि की हिस्ट्री रही।

# घटिया निर्माण पर तिरुपति बिल्कॉन, मेसर्स अनिरुद्ध सिंह, मेसर्स तिवारी कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई

### पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने औचक निरीक्षण में पकड़ी गड़बड़ी

### 35 कार्यों में से तीन में मिली खामियां

### 10 जून तक चलेगा विशेष निरीक्षण अभियान

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन कार्यों के औचक निरीक्षण में खामियां मिलने पर तीन ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई है। जिनमें ठेकेदार मेसर्स तिरुपति बिल्कॉन प्रालि शहडोल, मेसर्स अनिरुद्ध सिंह सेंगर और मेसर्स तिवारी कंस्ट्रक्शन राजस्थान शामिल हैं। कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर के विरुद्ध कार्रवाई के संबंधित मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं। विभाग ने औचक निरीक्षण के लिए प्रदेश भर में इंजीनियरों की टीम भेजी है। जो 10 जून तक भवन, सड़क एवं अन्य कार्यों का औचक निरीक्षण करेगी। अभी तक 35 कार्यों का औचक निरीक्षण करने पर 3 में खामी मिली हैं।

दरअसल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग के इंजीनियरो की टीमों को अलग-अलग हिस्सों में भेजकर औचक निरीक्षण कराते हैं। महीने में दो दिन अचानक चयनित कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता का परीक्षण होता है। इसी क्रम में प्रदेश के रायसेन, खरगौन, सीधी, देवास, छतरपुर, सिवनी एवं दतिया जिलों में 4 जून को मुख्य अभियंताओं के सात निरीक्षण दलों द्वारा 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। इनमें से 14 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क/पुल), 9 कार्य पीआईयू (भवन), 7 कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, 3 कार्य मध्यप्रदेश भवन विकास निगम तथा 2 कार्य एनएच के सम्मिलित थे। निरीक्षण दलों से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा बैठक प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम भरत यादव की अध्यक्षता मे हुई। इस दौरान प्रमुख अभियंता (बीएंडआर) केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल, प्रमुख अभियंता (भवन विकास निगम) अनिल श्रीवास्तव, तकनीकी सलाहकार मप्र सड़क विकास निगम आरके मेहरा, उप सचिव लोक निर्माण विभाग एआर सिंह, समस्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे

#### इन ठेकेदारों का काम मिला घटिया

समीक्षा में तीन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गई। सीधी जिले में सीधी-सिंगरौली मार्ग पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब होने के कारण ठेकेदार मेसर्स तिरुपति बिल्कॉन प्रालि शहडोल के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। दतिया जिले में पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर ठेकेदार मेसर्स अनिरुद्ध सिंह सेंगर के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। इसी जिले में सेमई से मार पाहड़िया होते हुए चिरहोली मार्ग का कार्य भी असंतोषजनक पाया गया, जिसके लिए ठेकेदार मेसर्स तिवारी कंस्ट्रक्शन, राजस्थान के विरुद्ध कार्रवाई के संबंधित मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं।

#### इन कामों की प्रशंसा की

इंजीनियरों की टीम को कुछ कार्यों की गुणवत्ता सराहनीय पाई गई। देवास जिले में पी.आई.यू. के अंतर्गत सिनियर कन्या छात्रावास उदयनगर का कार्य परफॉर्मेंस अवधि में उत्कृष्ट पाया गया, जिसके लिए कार्यपालन यंत्री श्रीमती सीमा प्रभाकर, अनुविभागीय अधिकारी एसके कानूनगो, एसपी दोहरे और ठेकेदार अशोक अहिवार की प्रशंसा की गई। इसी प्रकार छतरपुर जिले में मातगुवा-बिजावर रोड का कार्य बहुत अच्छा पाया गया, जिसके लिए कार्यपालन यंत्री आरएस शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री और ठेकेदार मेसर्स रामराजा कंस्ट्रक्शन कंपनी पृथ्वीपुर की प्रशंसा की गई।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित। ***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**